रोहतक
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 74
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 39.0
न्यून. 18.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



5 तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



# हरियाणा का बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी देने का ट्रैक रिकॉर्ड अद्भुत : प्रधानमंत्री

## ■ पीएम ने मुख्यमंत्री सैनी की कार्यशैली को सराहा ■ ऐसी साथी सरकार पर मुझे गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के, गरीब कल्याण के पथ को, हरियाणा की भाजपा सरकार भी निरंतर सशक्त कर रही है। सरकारी नौकरियों की भी हरियाणा में क्या हालत थी, आप सबको पता है। यूं किया करते, जे नौकरी लागणि है, तो किसी नेता के गैल हो ले और नि तो रुपया ले आ। बापू की जमीन और मां के तो जेवर भी बिक जाया करते। मुझे खुशी है कि नायब सिंह सैनी जी की सरकार ने कांग्रेस की इस बीमारी का इलाज कर दिया है। बिना खर्ची-बिना पर्ची के नौकरियां देने का जो ट्रैक रिकॉर्ड हरियाणा का है, वो अद्भुत है। और मुझे गर्व है कि मुझे ऐसे साथी मिले हैं, ऐसी साथी-सरकार मिली है। प्रधानमंत्री सोमवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार पर हवाई सेवाओं का शुभारंभ व टर्मिनल-2 का शिलान्यास करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेसियों ने हरियाणा के 25 हजार नौजवानों को सरकारी नौकरी न मिले, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा दिया था। लेकिन इधर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शपथ ली, उधर हजारों युवाओं को नियुक्ति-पत्र जारी कर दिए गए।

■ पीएम बोले- हरियाणा के 25 हजार नौजवानों को सरकारी नौकरी न मिले, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था

### हजारों युवाओं को देंगे नौकरियां

ये है, भाजपा का, सरकार का सुशासन। और अच्छा ये है कि नायब सिंह सैनी की सरकार आने वाले वर्षों में हजारों नई नौकरियों का रोडमैप बनाकर के चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा वह प्रदेश है जहां युवा सेवा में जाकर देश की सीमाओं की रक्षा करता है लेकिन कांग्रेस सरकार ने वन रैंक वन पेंशन मामले में देश के साथ धोखा करने का काम किया था। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद पूरे देश में वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा के वन रैंक वन पेंशन के तहत 13500 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस किसी की सगी नहीं है, वो सिर्फ सत्ता की सगी है। वो न दलितों की सगी है, न पिछड़ों की सगी है, न मेरे देश की माता, बहन, बेटियों की सगी है, न ही वो मेरे फौजियों की सगी है।



हिसार। जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



हिसार। प्रधानमंत्री के हिसार आगमन के दौरान उनका स्वागत करते वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु।

### हरियाणा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा

प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा, विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा। खेल हो या फिर खेत, हरियाणा की मिट्टी की खुशबू दुनियाभर में महक बिखेरती रहेगी। मुझे हरियाणा के अपने बेटे-बेटियों पर बहुत भरोसा है। ये नया एयरपोर्ट, ये नई उड़ान, हरियाणा के सपनों को पूरा करने की प्रेरणा बने।

## हरियाणा में एक नई दिशा, नई उड़ान और एक नए युग का आरंभ : नायब सिंह सैनी

हिसार। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ ही आमजन की सेवा में प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेवारी निभा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा ट्रिपल इंजन सरकार के साथ विकास में सहभागी बन रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को हिसार में भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं के शुभारंभ व टर्मिनल-2 के शिलान्यास अवसर पर आयोजित संकल्प की उड़ान समारोह में बोल रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 14 अप्रैल का यह दिन हम सबके लिए बड़ा ही ऐतिहासिक है। आज हम सब उस क्षण के साक्षी बन रहे हैं, जब हिसार की इस पावन भूमि पर नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक हवाई उड़ानों का शुभारंभ शुरू हो गया है। साथ ही हरियाणा के इस पहले एयरपोर्ट के दूसरे टर्मिनल के भवन का शिलान्यास भी विकास की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि हिसार ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में एक नया जोश है, एक नई चमक है। हरियाणा में एक नई दिशा, नई उड़ान और एक नए युग का आरंभ हो रहा है।



## बाबा साहेब सामाजिक न्याय और समानता के अथक योद्धा : दत्तात्रेय

चंडीगढ़। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता तथा सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए अथक योद्धा के रूप में याद किया। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हाशिए पर पड़े और शोषितों के अधिकारों की वकालत करके न्यायपूर्ण और समावेशी भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दत्तात्रेय ने कहा कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक, बाबासाहेब ने अपना जीवन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके काम ने एक ऐसे भारत की नींव रखी, जो जाति, पंथ या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर नागरिक को सशक्त बनाने की आकांक्षा रखता है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/702+703

हमकि (1) वजीर सिहं (2) भीमसिहं पुत्रान हुकमसिहं पुत्र भरत सिहं उर्फ भरतु निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर व (3) सन्तोष पुत्री हुकमसिहं पुत्र भरत सिहं उर्फ भरतु हाल आबाद सन्तोष पत्नी कृष्ण, निवासी गांव शिदीपुर लोवा कंला, झज्जर, हरियाणा–124507 (4) कृष्णा देवी विधवा व (5) दीपक पुत्र करण सिहं पुत्र हुकमसिहं निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर व (6) रचना पुत्री करण सिहं पुत्र हुकमसिहं हाल आबाद रचना पत्नी नवीन कुमार, निवासी मकान न0 133, पॉकेट–16, सैक्टर–24, रोहिणी, सैक्टर–7, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110085 (7) शीलावती विधवा व (8) रविन्द्र (9) रोहित पुत्रान व (10) प्रियंका (11) प्रिया पुत्रीयान राजसिहं पुत्र हुकमसिहं व (12) धीरपाल पुत्र प्रताप सिहं पुत्र हुकमसिहं, निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (13) कुन्ती पुत्री प्रताप सिहं पुत्र हुकमसिहं हाल आबाद कुन्ती पत्नी बंसत कुमार, निवासी गांव सिलाना, झज्जर, हरियाणा–124103 व (14) सुमित्रा पुत्री प्रताप सिहं पुत्र हुकमसिहं हाल आबाद सुमित्रा पत्नी जयभगवान, निवासी गांव बोड़िया, झज्जर, हरियाणा–124104 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 218/193, खाता न0 229, मु0 न0 246, किला न0 9/2(2–0), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला सालम भाग व खेवट न0 2863/2456, खाता न0 2956, मु0 न0 246, किला न0 9/1(4–8), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 8 मरले सालम भाग, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/2 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/6 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/6 भाग व धीरपाल 19/126 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/63 भाग) व खेवट न0 370/306, खाता न0 384, मु0 न0 248, किला न0 11/2(1–5), मु0 न0 249, किला न0 15/2/2/2(0–3), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 8 मरले सालम भाग (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं हर दो समभाग 2/5 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/5 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/5 भाग व धीरपाल 1/5 भाग) व खेवट न0 375/310, खाता न0 389, मु0 न0 248, किला न0 10/2(0–18), 11/1(5–1) मु0 न0 249, किला न0 15/1/1/2/2(1–7), 15/2/1(0–15), किते 4, तादादी रकबा 8 कनाल 1 मरला सालम भाग (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं हर दो समभाग 11/45 भाग व सन्तोष 1/18 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 11/90 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 11/90 भाग व धीरपाल – कुन्ती – सुमित्रा हर तीन समभाग 41/90 भाग) व खेवट न0 376/310, खाता न0 390, मु0 न0 248, किला न0 11/4(0–8), मु0 न0 276, किला न0 4/1(0–5) किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 13 मरले का 1/5 भाग, बकदर 0 कनाल 2.6 मरले (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/10 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/30 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/30 भाग व धीरपाल – कुन्ती – सुमित्रा हर तीन समभाग 1/30 भाग) व खेवट न0 377/310, खाता न0 391, मु0 न0 249, किला न0 26(0–9), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 2/21 भाग, बकदर 0 कनाल 0.85 मरला (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/21 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/63 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/63 भाग व धीरपाल – कुन्ती – सुमित्रा हर तीन समभाग 1/63 भाग) व खेवट न0 3781/3245, खाता न0 4165, मु0 न0 246, किला न0 9/3(0–18), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 18 मरले सालम भाग (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/2 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/6 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/6 भाग व धीरपाल 19/126 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/63 भाग) व खेवट न0 392मिन/327, खाता न0 406 मिन, मु0 न0 248, किला न0 11/3(1–5), मु0 न0 249, किला न0 15/1/3(1–6), 15/2/3(0–5), मु0 न0 272, किला न0 24/1(5–14), 24/2/1(1–6), मु0 न0 276, किला न0 4/2(4–0), किते 6, तादादी रकबा 13 कनाल 16 मरले सालम भाग (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/2 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/6 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/6 भाग व धीरपाल 19/126 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/63 भाग) व खेवट न0 396/331, खाता न0 410, मु0 न0 248, किला न0 8(8–0), मु0 न0 276, किला न0 5/2/2(2–17), 6/1(6–8), 15/1/2(3–4), मु0 न0 277, किला न0 10/2(6–10), किते 5, तादादी रकबा 26 कनाल 19 मरले का 1/3 भाग, बकदर 8 कनाल 19.66 मरले (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/6 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/18 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/18 भाग व धीरपाल 19/378 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/189 भाग) व खेवट न0 379/311, खाता न0 393, मु0 न0 276, किला न0 4/3(3–7), 7/2(7–12), 14/1(7–12), किते 3, तादादी रकबा 18 कनाल 11 मरले सालम भाग (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं हर दो समभाग 11/60 भाग व सन्तोष 1/24 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 11/120 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 11/120 भाग व धीरपाल 1481/2520 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/252 भाग) व खेवट न0 420/351, खाता न0 438, मु0 न0 272, किला न0 28(0–18), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 18 मरले का 1/20 भाग, बकदर 0 कनाल 0.9 मरला (जिसमें वजीर सिहं – भीमसिहं – सन्तोष हर तीन समभाग 1/40 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/120 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/120 भाग व धीरपाल 19/2520 भाग व कुन्ती – सुमित्रा हर दो समभाग 1/1260 भाग), व खेवट न0 2264/1932, खाता न0 2339, मु0 न0 288, किला न0 26(0–15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 3.75 मरले (जिसमें भीमसिहं 1/16 भाग, व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/16 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/16 भाग व धीरपाल 1/24 भाग व सुमित्रा 1/48 भाग) व खेवट न0 415/345, खाता न0 433, मु0 न0 276, किला न0 3(7–11) 8(8–0), 13/1(2–18) किते 3, तादादी रकबा 18 कनाल 9 मरले का 130/369 भाग, बकदर 6 कनाल 10 मरले (जिसमें धीरपाल मालिक व काबिज है) व खेवट न0 2250/1920, खाता न0 2325, मु0 न0 305, किला न0 1(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग (जिसमें भीमसिहं 1/4 भाग व कृष्णा देवी – दीपक – रचना हर तीन समभाग 1/4 भाग व शीलावती – रविन्द्र – रोहित – प्रियंका – प्रिया हर पाँच समभाग 1/4 भाग व धीरपाल 1/4 भाग) उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 72 कनाल 19.76 मरले (9.1235 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 246, किला न0 9/1(4–8), 9/2(2–0), 9/3(0–18), मु0 न0 248, किला न0 8 मिन (2–13), 10/2(0–18), 11/1(5–1), 11/2(1–5), 11/3(1–5), मु0 न0 249, किला न0 15/1/3(1–6), 15/2/3(0–5), 15/1/1/2/2(1–7), 15/2/1(0–15), 15/2/2/2(0–3), मु0 न0 272, किला न0 24/1(5–14), 24/2/1(1–6), मु0 न0 276, किला न0 4/2(4–0), 4/3(3–7), 6/1 मिन (1–8), 7/2(7–12), 8 मिन (3–11.66), 13/1(2–18), 14/1(7–12), 15/1/2(3–4), मु0 न0 277, किला न0 10/2 मिन (1–15), मु0 न0 305, किला न0 1(8–0), उपरोक्त तादादी रकबा 72 कनाल 11.66 मरले व खेवट न0 376/310, खाता न0 390, किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 13 मरले का 1/5 भाग, बकदर 0 कनाल 2.6 मरले व खेवट न0 377/310, खाता न0 391, किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 2/21 भाग, बकदर 0 कनाल 0.85 मरला व खेवट न0 420/351, खाता न0 438, किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 18 मरले का 1/20 भाग, बकदर 0 कनाल 0.9 मरला व खेवट न0 2264/1932, खाता न0 2339, किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 3.75 मरले, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 72 कनाल 19.76 मरले (9.1235 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 14.04.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


### खबर संक्षेप

#### इनेलो नेताओं ने बाबा साहेब को याद किया

चंडीगढ़। इनेलो ने पार्टी मुख्यालय चंडीगढ़ समेत सभी 90 विधानसभा हलकों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने बाबा साहेब की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो पार्टी ने राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी), राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राज्य कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां की। राजनीतिक मामलों की समिति(पीएसी) में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह बडशामी सहित अन्य नेताओं ने बाबा साहेब को याद किया।

## प्रधानमंत्री के निशाने पर रहा विपक्ष, बोले कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकते हैं कांग्रेसी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ यमुनानगर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा की यमुनानगर और हिसार की धरती पर जमकर बोले, कभी हरियाणवी ठेठ बोली में हरियाणा के लोगों को मोदी की राम राम की। वहीं, मंच से बार-बार बाबा साहब को उनकी जयंती पर याद किया और इसी बहाने कांग्रेस पर जमकर प्रहार पर प्रहार किए। कभी बाबा साहब के साथ में कांग्रेस के नेताओं द्वारा अतीत में किए गए व्यवहार की याद दिलाई, तो कभी वक्फ बोर्ड कानून में कांग्रेस के 2013 के संशोधन की याद दिलाते हुए कहा कि बाबा साहब के संविधान से भी ऊपर कर दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, हिमाचल के हालात के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह से वहां पर जनविरोधी टैक्स थोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना नगर एक शहर नहीं बल्कि भारत के औद्योगिक नक्शे का भी अहम हिस्सा है। प्लाईवुड से लेकर पीतल, स्टील पूरा क्षेत्र अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है। उन्होंने जलियावाला बाग कांड की याद दिलाई। मोदी ने कभी कांग्रेस के शासनकाल की पोल खोली, तो कभी यमुना नगर, पंचकूला से अपने पुराने रिश्तों की याद दिलाते हुए जनता को सीधे जोड़े रखा। 35 मिनट के उद्बोधन के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार बाबा साहब को उनके जन्म दिन पर याद किया साथ ही अपना भाषण समाप्त होते ही भारत माता की जय के साथ लोगों को एक बार फिर से जोड़ा। उन्होंने शुरुआती भाषण में बाबा साहब के विजन के बारे में विस्तार से चर्चा की साथ ही बताया कि देश के पहले उद्योग मंत्री डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के साथ में मिलकर काम किया था। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर, दीनबंधू चौधरी छोटूराम और चौधरी चरण सिंह को भी याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर बार-बार प्रहार किया और बताया कि बाबा साहब को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## पीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के खिलाफ आवाज उठाने वाले शंकरन नायर को याद किया

यमुनानगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केरल में जन्मे अधिवक्ता सी शंकरन नायर को याद किया और अमृतसर में 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड को लेकर ब्रिटिश साम्राज्य से भिड़ने के लिए उनकी सराहना की। दीनबंधु छोटूराम ताप विद्युत संयंत्र में 800 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल' ताप विद्युत संयंत्र की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से नायर के योगदान के बारे में जानने का आग्रह किया। उनकी यह टिप्पणी इस महीने के अंत में नायर के जीवन पर आधारित फिल्म केसरी-2 की रिलीज होने से पहले आई है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में जलियांवाला बाग हत्याकांड का उल्लेख किया और कहा कि अंग्रेजों की क्रूरता के कारण मरने वालों के अलावा एक पहलू ऐसा भी था, जिसे अंधेरे में रखा गया। उन्होंने कहा कि यह पहलू मानवता की भावना और देश के साथ खड़े होने से जुड़ा है। उनका नाम शंकरन नायर था। मोदी ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप में से किसी ने भी उनका नाम नहीं सुना होगा। लेकिन इन दिनों, उनके बारे में बहुत चर्चा हो रही है। नायर जी एक प्रसिद्ध वकील थे और तत्कालीन ब्रिटिश सरकार में उनका पद बहुत ऊंचा था। वह सत्ता और सभी सुख-सुविधाओं का आनंद ले सकते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लेकिन नायर ने जलियांवाला बाग हत्याकांड से आहत होकर ब्रिटिश हुकूमत की क्रूरता के खिलाफ आवाज उठाने का फैसला किया। मोदी ने कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई और अपना पद छोड़ दिया। वह केरल के थे और घटना पंजाब में हुई थी। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड पर मुकदमा लड़ने का फैसला किया। उन्होंने लड़ाई लड़ी और ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार को अदालत में भी घसीटा।

## हरपथ 2.0 होगा लॉन्च, लोग सड़कों की खराब हालत की कर सकेंगे शिकायत

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर कार्यक्रम के तुरंत बाद चंडीगढ़ में सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक कर निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित जीआईएस-आधारित 'हरपथ' एप्लीकेशन का अपग्रेड वर्जन 2.0 को 25 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च किया जाएगा। इस एप्लीकेशन में आमजन प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों या सड़कों में गड्ढों की शिकायत दर्ज कर सकेंगे। इससे त्वरित निपटान सुनिश्चित करते हुए सड़कों का सुधार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान घोषणा करते हुए कहा था कि आगामी 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी।

### मानसून से पहले नालों व नहरों की सफाई करें



मुख्यमंत्री ने आगामी मानसून के मौसम में राज्य में जलभराव रोकने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उपायुक्त इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

## हिसार एयरपोर्ट और यमुनानगर थर्मल प्लांट कांग्रेस की देन : दीपेंद्र

चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट हो या यमुनानगर का थर्मल पावर प्लांट ये सब काम कॉंग्रेस सरकार की देन है।



भारत सरकार की कैबिनेट ने हिसार व करनाल एयरपोर्ट और महम इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 2013 में मंजूर किया था। हिसार एयरपोर्ट तीन साल में बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन मंजूरी तिथि के 11 साल बाद और कई बार अलग-अलग मौकों पर उद्घाटन कराने के बाद अब अब आनन-फानन में प्रधानमंत्री जी से फिर उद्घाटन कराया गया। जबकि करनाल एयरपोर्ट का काम आज भी ठंडे बस्ते में है। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था तक नहीं है। और तो और हाल ही में एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल के निर्माण में 180 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर हुआ। लेकिन इसकी कोई जांच तक क्यों नहीं हुई, बाउंड्री वॉल बनाकर एयरपोर्ट की सुरक्षा के साथ ही हवाई जहाज से यात्रा करने वालों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया।

## बाबा साहेब ने समतामूलक व न्यायसंगत समाज की नींव रखी : सुशील गुप्ता

चंडीगढ़। आप पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पानीपत, सोनीपत, कैथल, सिरसा, नूंह, हिसार, यमुनानगर, जींद, फरीदाबाद और रोहतक समेत पूरे प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और संविधान निर्माण में उनका योगदान आज भी हमें प्रेरणा देता है।



उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने न सिर्फ दलितों, वंचितों और शोषितों के हक के लिए संघर्ष किया, बल्कि एक समतामूलक और न्यायसंगत समाज की नींव रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था एक ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा, रोजगार और सम्मान मिले। आम आदमी पार्टी उन्हीं मूल्यों को लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब समाज में विभाजन की राजनीति हो रही है, ऐसे समय में डॉ. आंबेडकर के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

## हाईकोर्ट ने पानीपत में दोहरे हत्याकांड के आरोपी को संदेह का लाभ देकर बरी किया

■ चंदौली स्थित एक धार्मिक डेरे में दो साधुओं बाबा शिवनाथ और उनके शिष्य माया राम की हत्या का मामला, दोनों के चेहरे तेजाब से झुलसे मिले थे

■ अदालत ने पाया कि मामले में अभियोजन पक्ष आरोपित के खिलाफ पर्याप्त और ठोस साक्ष्य पेश करने में असफल रहा

चंडीगढ़। पानीपत में वर्ष 2003 में हुए दोहरे हत्याकांड के प्रमुख आरोपित को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 22 साल बाद सुनाए गए फैसले में आरोपित राजीव नाथ को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। अदालत ने पाया कि मामले में अभियोजन पक्ष आरोपित के खिलाफ पर्याप्त और ठोस साक्ष्य पेश करने में असफल रहा। यह मामला पानीपत जिले के गांव चंदौली स्थित एक धार्मिक डेरे में दो साधुओं बाबा शिवनाथ और उनके शिष्य माया राम की नृशंस हत्या से जुड़ा है। सात जनवरी 2003 को खेतों की ओर जा रहे किसान पृथ्वी सिंह ने डेरे में दोनों को मृत अवस्था में पाया। उनके चेहरे तेजाब से झुलसे हुए थे। लगभग एक महीने तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा। फिर छह फरवरी 2003 को गांव के सरपंच रूप चंद और एक अन्य व्यक्ति सुखबीर सिंह ने दावा किया कि आरोपित राजीव नाथ ने उनके सामने हत्या की बात स्वीकार की थी। उन्होंने बताया कि राजीव गद्दी का वारिस बनना चाहता था, जबकि बाबा शिवनाथ उसे अपने शिष्य माया राम को सौंपना चाहते थे। इसी रंजिश में राजीव ने हत्या की। पुलिस ने इस कथित अतिरिक्त न्यायिक स्वीकारोक्ति को आधार बनाते हुए राजीव नाथ को गिरफ्तार किया। 2004 में निचली अदालत ने राजीव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। राजीव ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी, जिसके चलते उसे 2009 में जमानत मिल गई। जस्टिस जसजीत सिंह बेदी और जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल की खंडपीठ ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए कहा कि पूरा मामला एक अतिरिक्त न्यायिक कबूलनामे पर आधारित था, जो कानूनी दृष्टि से कमजोर साक्ष्य होता है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि यदि आरोपित वास्तव में दोषी था, तो वह एक महीने बाद खुद सरपंच के पास जाकर हत्या की बात क्यों स्वीकार करता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि न तो कोई प्रत्यक्षदर्शी था, न ही राजीव नाथ को मृतकों के साथ आखिरी बार देखे जाने का कोई प्रमाण मिला। पुलिस ने आरोपित से कोई हथियार या तेजाब भी बरामद नहीं किया। फिंगरप्रिंट रिपोर्ट भी किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई। कोर्ट ने कहा कि जब कोई मामला पूरी तरह परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित हो, तो उन साक्ष्यों की श्रृंखला इतनी मजबूत होनी चाहिए।


### सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : द्वितीय तल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा हॉस्पीटल के पीछे, कौशम्बी, गाजियाबाद-201010

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुमित कुमार देशवाल (कर्जदार), विमलेश कुमारी (सह-कर्जदार) गौरव कुमार (सह-कर्जदार), NHGHZ00001279037. | म. नं. 40, गली नं. 2, आदर्श कॉलोनी, पलवल-121102. सीमाएं - उत्तर : गली, दक्षिण : इन्द्र कुमार हाउस, पूर्व : नाथू सिंह हाउस, पश्चिम : अन्य प्लॉट/कब्जे की तिथि- 09-अप्रैल-25. | 10-11-2022 रु. 20,94,555/- | गाजियाबाद (कौशम्बी) |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 15 अप्रैल 2025 स्थान : पलवल

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

रोहतक
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीय वर्ष : 29, अंक : 74
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 39.0
न्यून. 18.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 ज्योति सहित भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे शामिल किए

## आईपीएल में आज



पंजाब किंग्स
V/S
कोलकाता राइडर्स
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
चंडीगढ़

## खबर संक्षेप

### अब रद्द चेक की तस्वीर अपलोड नहीं करें

**मुंबई।** बीते कुछ दिनों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े कई नियम बदल गए हैं। इसका असर ईपीएफओ के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ने वाला है। इनमें से एक नियम पीएफ क्लेम के प्रोसेस से जुड़ा है तो एक नियम वेरिफिकेशन को लेकर है। अब ईपीएफओ के ग्राहक फेस वेरिफिकेशन के जरिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और संबंधित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### मणिपुर में दो उग्रवादी पकड़े, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले में प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ)' के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार व करीब 22 लाख रुपये जब्त किए। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई इलाके से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल यूएनएलएफ के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। भाषा

### सलमान खान को घर में घुसकर मारने की धमकी दी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने व्हाट्सएप मैसेज कर सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की बात कही। रविवार देर रात भेजे गए इस मैसेज में लिखा है- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस केस में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपी ने खुदकुशी कर ली है। एजेंसी



### एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25% घटाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देते हुए उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इसके बाद मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नई कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी। भाषा

### न्यूयॉर्क विमान हादसे में भारतवंशी डॉक्टर की मौत

**न्यूयॉर्क।** भारत में जन्मी एक चिकित्सक और उसके परिवार के सदस्यों की न्यूयॉर्क के पास एक विमान हादसे में उस समय मौत हो गई, जब वे एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए कैट्सकिल जा रहे थे। यूरोगायनेकोलॉजिस्ट डॉ. जॉय सैनी, उनके पति न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. माइकल ग्रॉफ, बेटी करीना ग्रॉफ और बेटा जेरेड ग्रॉफ जिस निजी विमान में सवार थे, वह न्यूयॉर्क के क्रैरीविले के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भाषा

## हरियाणा का पहला हवाई अड्डा जनसमर्पित, हिसार से अयोध्या के लिए उड़ान को पीएम ने दिखाई हरी झंडी


## यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट की आधारशिला रखी, 2029 तक चालू होगी

# कांग्रेस को अगर हमदर्दी है तो मुस्लिम को अध्यक्ष बनाए, 50% टिकट भी दे

## पीएम मोदी का कांग्रेस पर प्रहार-एससी/एसटी और ओबीसी को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के हिसार और यमुनानगर में रैलियों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमले बोले। पीएम ने वक्फ कानून को लेकर कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि यदि कांग्रेस को वास्तव में मुसलमानों से हमदर्दी है तो उसे किसी मुसलमान को अपना अध्यक्ष बनाना चाहिए और चुनाव में समुदाय के लोगों को 50 प्रतिशत टिकट भी देने चाहिए। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाया। मोदी ने डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया था। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाने और हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को नष्ट करने वाली पार्टी बन गई है।




### कांग्रेस शासन में देश ने ब्लैकआउट देखा, अब बिजली निर्यात कर रहे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुनानगर में कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो "ब्लैकआउट" (बिजली गुल होने) की स्थिति थी, लेकिन पिछले एक दशक में भारत का विद्युत उत्पादन दोगुना हो गया है और अब यह बिजली का निर्यात कर रहा है। मोदी ने कहा कि हरियाणा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रही। युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शिता के साथ नौकरी दी जा रही है।

### कर्नाटक सरकार पर हमला

मोदी ने 2013 में वक्फ कानून में किए गए बदलावों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए और संविधान भी इसका निषेध करता है, लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस नीत सरकार ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अधिकारों को छीनकर धर्म के आधार पर निविदाओं में आरक्षण दिया। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई, जिससे मुसलमानों में से केवल कुछ 'कट्टरपंथी' ही 'खुश' हुए, जबकि बाकी समुदाय उपेक्षित, अशिक्षित और गरीब बना रहा।

### ईमानदारी से काम नहीं किया

मोदी ने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास देश में लाखों हेक्टेयर जमीन है, जिसका इस्तेमाल गरीबों, बेसहारा महिलाओं और बच्चों के हित में किया जा सकता था। अगर इसका ईमानदारी से इस्तेमाल किया जाता तो मुस्लिम युवाओं को पंक्चर टायर ठीक करके अपनी जिंदगी नहीं गुजारनी पड़ती। मोदी ने कहा, 'इससे केवल मुट्ठी भर भू-माफियाओं को फायदा हुआ। पसमांदा मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हुआ। ये भू-माफिया दलितों, वंचितों, आदिवासियों और विधवाओं की जमीन लूट रहे थे।

### संविधान को कुचला, आपातकाल लगाया

मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस की सरकार को खतरा हुआ, उसने संविधान को कुचल दिया। उन्होंने अपने दावे की पुष्टि के लिए 1975-77 के आपातकाल का हवाला दिया। 'संविधान की भावना समान नागरिक संहिता की है, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया।' उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने का उल्लेख करते हुए कहा, इस देश का दुर्भाग्य देखिए। संविधान की प्रति लेकर चलने वाले ये कांग्रेसी लोग इसका विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि संविधान में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन कांग्रेस ने कभी उनकी परवाह नहीं की।

### हरियाणा को ये सौगात दे गए मोदी

- हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई और हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखी।
- दीनबंधु छोटू राम ताप विद्युत संयंत्र में 800 मेगावाट की अत्याधुनिक ताप विद्युत इकाई की आधारशिला रखी। यह ताप विद्युत इकाई 233 एकड़ में फैली है। इसके लगभग 8,470 करोड़ रुपये की लागत से मार्च 2029 तक चालू होने की उम्मीद है।
- 'गोबरधन' (गैल्वेनाइजिंग आर्गेनिक बायो एग्रो रिसोर्सेज धन) के विजन को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने यहां मुकरबपुर में एक 'संपीड़ित जैव गैस' (सीबीजी) संयंत्र की आधारशिला भी रखी। संयंत्र का निर्माण कार्य 2027 तक पूरा होना है। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 2,600 मीट्रिक टन होगी। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हुए प्रभावी जैविक अपशिष्ट प्रबंधन में मदद मिलेगी।
- भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 1,070 करोड़ रुपये की लागत वाली 14.4 किलोमीटर लंबी रेवाड़ी बाईपास परियोजना का भी डिजिटल उद्घाटन किया। बाईपास से रेवाड़ी शहर में भीड़भाड़ कम होगी, दिल्ली-नारनौल यात्रा का समय एक घंटे कम होगा।



### पीएम ने 14 साल बाद पहनाए रामपाल को जूते

**कैथल।** यमुनानगर में कैथल के रामपाल कश्यप को पीएम मोदी से मिलने का सौभाग्य मिला। रामपाल कश्यप के साथ मुलाकात की एक वीडियो को पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया है। पीएम ने लिखा, हरियाणा के यमुनानगर में आज कैथल के रामपाल कश्यप जी से मिलने का सौभाग्य मिला। इन्होंने 14 वर्ष पहले एक व्रत लिया था कि मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और मैं उनसे मिल नहीं लेता, तब तक जूते नहीं पहनूंगा। मुझे आज उनको जूते पहनाने का अवसर मिला। मैं ऐसे सभी साथियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं, परंतु मेरा आग्रह है कि वो इस तरह के प्रण लेने के बजाय किसी सामाजिक अथवा देशहित के कार्य का प्रण लें।

## मुकरबपुर में रखी सीबीजी संयंत्र की आधारशिला

भारत माला परियोजना के तहत 14.4 किमी लंबी रेवाड़ी बाईपास परियोजना का भी उद्घाटन किया

## आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर सीएम सैनी बेहद गंभीर

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गंभीरता एक बार फिर नजर आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर कार्यक्रम के तुरंत बाद उन्होंने चंडीगढ़ में सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए सख्त निर्देश दिए कि 15 जून तक प्रदेश भर में सभी सड़कों की मरम्मत की जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी विशेष अभियान चलाकर सड़कों के सुधारीकरण के सम्बन्ध में अल्पावधि के टेंडर लगाकर सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करना सुनिश्चित करें, ताकि मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपायुक्त सर्वे करवाकर मानसून से पहले सड़कों का नवीनीकरण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि 15 जून के बाद कोई भी सड़क खराब हालत में न रहे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता के मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सैनी ने कहा कि लोक निर्माण, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड और संबंधित महानगर विकास प्राधिकरण, पंचायती राज तथा जिला परिषद के अधीन जो भी सड़के हैं उन सभी की विशेष मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड खत्म नहीं हुआ है, उन सड़कों की मरम्मत उसी ठेकेदार से करवाना सुनिश्चित करें।



पीएम मोदी के कार्यक्रम के तुरंत बाद प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक
■
सख्त निर्देश, प्रदेशभर में 15 जून तक की जाए सभी सड़कों की मरम्मत



प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, हंगामा

## वक्फ कानून पर बंगाल में चौथे दिन भी हिंसा

### इस बार 24 परगना जिले में भड़का उपद्रव | मुर्शिदाबाद में हालात सुधरे, 19 विस्थापित परिवार वापस लौटे

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)।** वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हिंसा चौथे दिन भी जारी रही। अब यहां के दक्षिण 24 परगना के शोणपुर इलाके में पुलिस से झड़प के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई है। बसंती हाईवे पर बैरमपुर में पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही एक गाड़ी को रोका, जिससे अशांति फैल गई। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की 5 बाइक में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। वहीं, मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं।

*केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू बोले हमें भरोसा है वक्फ कानून मामले में सुप्रीम कोर्ट दखल नहीं देगा।*



### कानून हाथ में न लें : ममता

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि धर्म के नाम पर यह अपवित्र खेल कौन खेल रहा है? धर्म का मतलब है आस्था, प्रेम और संस्कृति। धर्म एकता का प्रतीक है। झगड़े, दंगे और अशांति क्यों हैं? हर जाति और धर्म के लोगों को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें।

*भाकपा व वाईएसआरसीपी भी वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची*

पीएनबी में 13000 करोड़ के ऋण धोखाधड़ी में शामिल

## चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार भारत ने कहा-हमें सौंप दो

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 13,000 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के आरोपित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। भारत ने बेल्जियम से कहा कि चोकसी को हमें सौंपा जाए। इस 13,000 करोड़ के ऋण धोखाधड़ी मामले में चोकसी के भांजे एवं हीरा व्यापारी नीरव मोदी के बाद दूसरे प्रमुख संदिग्ध के खिलाफ कार्रवाई शनिवार को सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई। चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए बेल्जियम गया था, जिसके बाद से वह वहीं था।



भारत कर चुका है मेहुल की प्रत्यर्पण की मांग
■
भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि

### 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था

भारत छोड़ने के बाद से वह 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था। सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पहले ही उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस को 'हटा दिया गया' था और तभी से भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण के माध्यम से भारत लाने के प्रयास में लगी हैं। प्रत्यर्पण अनुरोध के तहत भारतीय एजेंसियों ने 2018 और 2021 में मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा जारी कम से कम दो 'ओपन-एंडेड' गिरफ्तारी वारंट अपने बेल्जियम समकक्षों के साथ साझा किए हैं।

### क्या है ओपन-एंडेड गिरफ्तारी वारंट

ओपन-एंडेड गिरफ्तारी वारंट का मतलब ऐसे वारंट से है जो किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए जारी किया जाता है और उसकी कोई समयसीमा नहीं होती। यह वारंट तब तक वैध रहता है जब तक कि इसे अदालत द्वारा रद्द न कर दिया जाए या आरोपित को गिरफ्तार न कर लिया जाए। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी/हिरासत के बाद औपचारिक कागजी कार्रवाई की जा रही है क्योंकि चोकसी चिकित्सीय आधार पर जमानत मांग सकता है।

## आतंकी राणा से रोजाना 8 से 10 घंटे पूछताछ कर रही एनआईए

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता आतंकी तहव्वुर हुसैन राणा से एनआईए के अधिकारी प्रतिदिन आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं, ताकि भयानक हमलों की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की चिकित्सा जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की इजाजत दी जा रही है। यह आदेश दिल्ली की एक अदालत ने दिया था, जिसने अमेरिका से उसके प्रत्यर्पण के बाद शुक्रवार सुबह जांच एजेंसी को उसकी 18 दिन की हिरासत प्रदान की थी। एनआईए 2008 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों की बड़ी साजिश की जांच करेगी।



राणा ने पेन, नोटपैड और कुरान मांगी

### सहयोग कर रहा राणा

"पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है। मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए अधिकारियों की टीम उससे पूछताछ कर रही है। राणा ने अब तक केवल तीन चीजें मांगी हैं - एक कलम, कागज और कुरान-जो उसे उपलब्ध करा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि राणा द्वारा अब तक भोजन से संबंधित कोई विशेष मांग नहीं की गई है और उसे ऐसे विषयों से निपटने के लिए मानक प्रोटोकॉल के अनुसार "वही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है जो किसी अन्य आरोपी को दी जाती है।"

### गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त

**अहमदाबाद(भाषा)।** गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत 1,800 करोड़ रुपये है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा। एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्कर ड्रग्स को समुद्र में फेंक भाग निकले। कोस्ट गार्ड ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है।

**आदेश** आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति पर किया बंटवारा

*तेलंगाना सरकार ने 2024 में आयोग का किया था गठन*

## एससी आरक्षण को तीन समूह में बांटने वाला देश का पहला राज्य बना तेलंगाना

भाषा ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण के क्रियान्वयन पर सोमवार को एक सरकारी आदेश जारी किया। इस आदेश में एससी समुदाय को तीन भागों में बांटा गया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह जानकारी राज्य के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने दी। तेलंगाना सरकार ने इससे पहले उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति वर्गीकरण पर आयोग का गठन किया था, जिसने सिफारिशें की थीं कि 59 अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कुल 15 प्रतिशत आरक्षण के लिए तीन समूहों अर्थात 1, 2 और 3 में विभाजित किया जाना चाहिए।

### यह कहा सरकारी आदेश में

सरकारी आदेश में कहा गया है, 'तेलंगाना विधानमंडल के निम्नलिखित अधिनियम को 8 अप्रैल 2025 को तेलंगाना के राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और उक्त स्वीकृति को सर्वमान्य जानकारी के लिए 14 अप्रैल 2025 को तेलंगाना राजपत्र में पहली बार प्रकाशित किया गया है।' सरकारी आदेश ऐसे दिन जारी किया गया है, जिस दिन भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर की जयंती है। अनुसूचित जाति वर्गीकरण पर एक उप-समिति के प्रमुख एवं मंत्री रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी आदेश की पहली प्रति आज सुबह मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को दी गई।

### ऐसे मिलेगा आरक्षण

- **समूह-1** को एक प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जिनमें 15 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से वंचित अनुसूचित जाति समुदाय शामिल हैं।
- **समूह-2** में 18 मध्यम रूप से लाभान्वित अनुसूचित जाति समुदाय शामिल हैं, जिन्हें 9 प्रतिशत कोटा दिया गया है।
- **समूह-3** में 26 उल्लेखनीय रूप से लाभान्वित अनुसूचित जाति समुदाय शामिल हैं, जिन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

### जल्द भरी जाएंगे रिक्तियां

रेड्डी ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद एससी वर्गीकरण लागू करने वाला तेलंगाना पहला राज्य है।' राज्य सरकार में अब नौकरी के लिये सभी रिक्तियों को एससी के लिए उप-वर्गीकरण के अनुसार भरा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### खेतों में खड़ी 10 एकड़ गेहूं की फसल जली

**अलेवा।** नगूरां गांव के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लगभग 10 एकड़ मे खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना तुरंत ग्रामीणों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने फायर बिग्रेड गाड़ी के पहुंचने से पहले ही किसानों की मदद से ट्रैक्टर की सहायता से आग के चारों तरफ जुताई कर लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक नगूरां निवासी किसान कुलदीप की पांच एकड़, नरेश की दो एकड़, बिंद्र की दो एकड़ तथा सुरेंद्र की एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई।

### जबरन गेहूं काटने पर दो दर्जन लोगों पर केस दर्ज

**जींद।** गांव खोखरी में जबरन गेहूं की फसल कटाई करने पर सदर थाना पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खोखरी निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही अजमेर व अन्य से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिसका मामला अदालत में विचाराधीन है। अदालत ने उनके पक्ष में स्टे दिया हुआ है। उस जमीन में उसने गेहूं फसल उगाई हुई थी। पांच अप्रैल को अदालत ने पुलिस देखरेख में फसल काटने के आदेश दिए थे। जिसे पुलिस ने गंभीरता से नही लिया। गत 12 अप्रैल देर रात को आरोपितों ने कम्बाइन से उसकी फसल को काट लिया।

### गेहूं निकालने को लेकर विवाद, युवक पर हमला

**फतेहाबाद।** गेहूं निकालने को लेकर हुए विवाद में बड़ोपल में कुछ किसानों ने एक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चिन्दड़ निवासी जगतपाल ने कहा है कि वह रात को वह ट्रैक्टर व मजदूर लगाकर काम रोहताश निवासी बड़ोपल के खेत में गेहूं की फसल निकाल रहा था।




## नांगल चौधरी: शहीद की वीरांगना पर हमले के बाद महापंचायत में निर्णय

# हमला करने वाले परिवार का बहिष्कार और आरोपितों की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम

- घर में घुसकर शहीद की बुजुर्ग पत्नी का पीटना निंदनीय
- पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने का लिया निर्णय, अस्पताल में मिलने जाएगा शिष्ट मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

दोस्तपुर में शहीद खुशीराम की बुजुर्ग वीरांगना पर एक नामजद व तीन से चार अन्य युवकों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित से आभूषणों की लूटपाट भी की गई है। वारदात से आक्रोशित ग्रामीणों ने महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें करीब पांच गांवों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे। हमला करने वाले परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने और आरोपितों की गिरफ्तारी का पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा शहीद के नाम से नामित स्कूल का नामकरण बदलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान गामीणों ने पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगाई है। कृष्ण कुमार नंबरदार, रामस्वरूप, सुबेसिंह, रामकिशन, गहाड़ सिंह, छोटूराम, सीताराम, धर्मपाल, सत्यवीर आदि ग्रामीणों ने बताया कि भारतीय सेना में सेवारत खुशीराम ऑन ड्यूटी शहीद हो गए थे। जिसके सम्मान में सरकार ने गांव की स्कूल का नामकरण शहीद खुशीराम के नाम से किया है। इसी दौरान शहीद का इकलौता पुत्र कृष्ण कुमार भी भारतीय सेना में भर्ती हो गया व दोनों बेटियों की शादी कर दी। अब शहीद की वीरांगना अकेली ही घर पर रहती है। जहां मौका देखकर पड़ोसी युवक तीन चार अन्य साथियों के साथ दीवार को फांदकर घर में घुस गया। अंदर कमरे में सो रही बुजुर्ग महिला को लाठी और डंडों से बेरहमी से पीटा गया। इस दौरान बचाव करती हुई बुजुर्ग महिला कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर की तरफ भागी है, लेकिन आरोपितों ने आंगन में गिराकर लाठियों से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद जानलेवा धमकी देते हुए भाग गए। पूरी वारदात घर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हे गई। जिसके आधार पर वीरांगना के पुत्र कृष्ण कुमार ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मेघोत, दत्ताल, ढाणी जाजमा, सैदअलीपुर, शहबाजपुर, भेडंटी आदि गांवों की महापंचायत बुलाई। पंचायत ने वीरांगना पर हुए हमले की निंदा करते हुए बदमाशों को तत्काल गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा स्कूल का नामकरण बदलकर शहीद का सम्मान सरकार को लौटा दिया जाएगा।



नांगल चौधरी। शहीद की वीरांगना पर हमले के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करती महापंचायत। फोटो : हरिभूमि

### आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है पुलिस

नामजद व अन्य आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के लिए अज्ञात ठिकानों पर छापेमारी भी कर रहे हैं, लेकिन अभी सफलता नहीं मिल पाई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपितों की शिनाख्त करने के लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग मांगा है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपित जल्द ही पुलिस की पकड़ में आ जाएंगे। -**छत्रपाल चौधरी** थाना इंचार्ज

### पीड़िता बयान देने की हालात में नहीं

प्रस्ताव पारित करके थाना इंचार्ज को सौंपा गया है, जिसमें एक सप्ताह में सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने की हिदायत है। पीड़ित वीरांगना गुरुग्राम अस्पताल में एडमिट, चिंताजनक स्थिति ग्रामीणों ने बताया कि वीरांगना प्रेम देवी के परिजनों से संपर्क किया गया है, जोकि अब गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती है तथा चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। अभी बयान देने की हालात में नहीं। एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## लोकेशन के आधार पर सीसीटीवी खंगाले

# हेरोइन तस्कर की तलाश में पंजाब पुलिस की सिरसा में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हेरोइन के मामले में पकड़ी गई पंजाब पुलिस की आरोपी महिला सिपाही के सहयोगी की धरपकड़ के लिए पंजाब पुलिस ने सोमवार को फिर सिरसा में दस्तक दी। जिला के गांव नानकपुरा में पुलिस ने इस दौरान लोकेशन के आधार पर कई जगह सीसीटीवी कैमरे में खंगाले। कुछ दिन पूर्व पंजाब पुलिस की महिला सिपाही को हेरोइन के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि महिला सिपाही के तार हरियाणा के सिरसा से भी तस्करी के मामले में जुड़े हैं। पंजाब पुलिस पिछले चार से पांच दिनों से लगातार सिरसा के गांव नानकपुर और अभोली में छापेमारी कर रही है। हालांकि, आरोपी लेडी कॉन्स्टेबल के सहयोगी बलविंद्र के परिजनों से भी दबाव से पूछताछ की है। इस पूरे प्रकरण में ग्राम पंचायत ने भी पुलिस को सहयोग देने का आश्वासन दिया है। वहीं सहयोगी आरोपी बलविंद्र सिंह पर गांव नानकपुर में फायरिंग मामले में केस भी दर्ज है। सहयोगी बलविंद्र सिंह वारदात के दिन बठिंडा से बाइक लेकर सिरसा पहुंचा। यहां आने पर पहले गांव अभोली में गया और इसके बाद नानकपुर में पहुंचा था। बाइक घर के बाहर गली में खड़ी की। इसके बाद वहां से फरार हो गया। पंजाब पुलिस दबिश देकर बलविंद्र की तलाश कर रही है, ताकि हेरोइन तस्करी से जुड़ गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके।

### चेसिस नंबर घिसी हुई बाइक पकड़ी तब हुआ लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

**रेवाड़ी।** पुलिस की राइडर बाइक पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रविवार की रात अंबेडकर चौक के निकट एक बाइक को रुकवाकर चेक किया, तो उसके चेसिस नंबर ही गायब मिले। बाइक की प्लेट पर लिखे गए नंबर एक अन्य बाइक के पाए गए। जांच के दौरान पता चला कि पकड़ी गई बाइक को कसोला थाना क्षेत्र में फरवरी माह में लूटा गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बाइक लूटने के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। लूट की वारदात में शामिल एक और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रात को करीब 10 बजे पुलिस ने अंबेडकर चौक से गढ़ी बोलनी रोड पर जा रही एक बाइक को रुकवाया था। बाइक को कुतुबपुर निवासी मयंक चला रहा था। बाइक के चेसिस नंबर मिटे हुए होने के कारण पुलिस को संदेह हो गया। पुलिस ने पंजीकरण नंबर चालानिंग मशीन पर डाले, तो यह नंबर बासदुधा निवासी सुभाष की बाइक के मिले। पुलिस ने सुभाष के मोबाइल नंबर पर फोन किया, तो सुभाष ने बताया कि उसकी बाइक घर पर मौजूद है।



### धारूहेड़ा: लड़की का घोड़ी पर बनवारा निकाला

**धारूहेड़ा।** गांव भटसाना में लड़की का घोड़ी पर बनवारा निकालकर समाज को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। पिता ज्ञान चंद व माता रोशनी ने शादी से पूर्व अपनी बेटी ममता का गांव में घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बनवारा निकाला। इस अवसर राजेश, मनोज कुमार, प्रकाश, ग्राम सरपंच भूपसिंह, पंच सुल्तान सिंह व समाजसेवी रामकुमार पटवारी ने कहा कि अब समाज की सोच बदल रही है और गांव में ऐसा दूसरी बार हुआ कि लड़की को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला गया। आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में लड़की व लड़का एक समान आगे बढ़ रहे है।

## 15 निवेशकों से हड़पे 86 लाख 36 हजार रुपये

# आरडी और एफडी के नाम पर धोखाधड़ी में सेंटर संचालक धरा



**जुलाना।** जुलाना कस्बे में आरडी और एफडी के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस की एसआईटी टीम लगातार दूसरे दिन सोमवार को फिर पहुंची और टीम ने जांच के दौरान सेंटर संचालक सोनीपत जिले के छपरा गांव निवासी जसबीर को गिरफ्तार कर लिया है। एसआईटी टीम के अनुसार गिरफ्तारी के बाद और भी खुलासे होने की संभावना है। इस मामले में जो भी शामिल पाया जाएगा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करेगी और जांच में शामिल करेगी। 22 मार्च को पुलिस ने एक एजेंट की शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। आरोपी ने 15 निवेशकों से 86 लाख 36 हजार रुपये हड़प लिए थे। मामले की जांच के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआई पवन कुमार के नेत्तृत्व में टीम जुलाना पहुंची और आरडी एफडी के नाम पर जिन लोगों ने निवेश किया था उनके बयान दर्ज किए।

## पूरे सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार पैतृक गांव गोद में किया गया

# हृदय गति रुकने से गोद के सीआरपीएफ जवान की श्रीनगर में ड्यूटी के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। गोद में जवान के बेटे को तिरंगा भेंट करते सीआरपीएफ के अधिकारी।

गांव गोद का रहने वाला सीआरपीएफ का एक जवान श्रीनगर में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से मौत हो गई। पूरे सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार पैतृक गांव गोद में किया गया। जवान के पुत्र ने मुखाग्नि दी, जबकि साथ आई सीआरपीएफ की टुकड़ी ने उनको अंतिम सलामी दी। जवान के अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा तथा लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए। गांव गोद निवासी महावीर 25 बटालियन सीआरपीएफ श्रीनगर में तैनात थे। रविवार को सुबह हृदयगति रुकने की वजह से निधन हो गया। वे करीब 45 साल के थे तथा 2004 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। महावीर सिंह का पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव गोद में लाया गया। गांव में पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ शहीद का सम्मान किया। बस स्टैंड से उनके घर तक महावीर सिंह के अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

# पैक्स के प्रबंधक एवं सेल्समैन भी देंगे अब उर्वरक प्रबंधन की जानकारी

- पैक्स के 31 प्रबंधक एवं सेल्समैनों को 15 दिवसीय फसलों में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन का करवाया जा रहा कोर्स

**जींद।** हरियाणा में किसान अपनी खेतीबाड़ी बारे कृषि विशेषज्ञों व कृषि इनपुट विक्रेताओं से तो सलाह लेते ही हैंए गांव में स्थित पैक्स (सहकारी समितियों) जैसी वित्त संस्थाओं के संपर्क में भी आम तौर पर किसान रहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पैक्स के कर्मचारियों को भी कृषि में वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी की जरूरत महसूस की गई। हरियाणा सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान हमेटी में इस बारे पैक्स से संबंधित प्रबंधकों एवं सेल्समैनों के कृषि प्रशिक्षण की शुरुआत कर अच्छा कदम उठाया है। हमेटी के निदेशक डा. कर्मचंद ने बताया कि जिला जींद की विभिन्न पैक्स के 31 प्रबंधक एवं सेल्समैनों को 15 दिवसीय फसलों में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन का कोर्स करवाया जा रहा है। इसमें फसलों की अच्छी पैदावार लेने एवं भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। मिट्टी व पानी की जांच का महत्व एवं तरीके बारे भी पूरी प्रशिक्षण के दौरान दी गई ताकि वे समय पर सही सलाह दे सकें।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोनीपतः मुरथल रोड पर जीवन विहार के पास दिया वारदात को अंजाम

# फ्लिपकार्ट के डिलिवरी हब में पिस्तौल के बल पर लूटे 1.68 लाख रुपये व तीन मोबाइल

- रात को ही फूड डिलिवरी ब्यॉय से छीना मोबाइल, अलग-अलग जगहों पर हुई वारदात, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में बदमाशों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बेखौफ बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सेक्टर 27 थाना में भी रविवार रात को अलग अलग जगहों पर बदमाशों द्वारा लूट व झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया गया। इसमें एक वारदात के तहत तीन बदमाशों ने फ्लिपकार्ट डिलिवरी हब में घुसकर इंचार्ज व टीम लीडर पर पिस्तौल तान कर 1.68 लाख रुपये व तीन मोबाइल लूट लिए। इसी रात को ही बाइक सवार तीन युवकों ने फूड डिलिवरी ब्वॉय से मोबाइल छीन लिया। पीड़ितों के बयान पर सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। गांव कुमासपुर निवासी सुनील ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में उसने बताया कि वह मुरथल रोड के पास जीवन विहार में फ्लिपकार्ट डिलिवरी हब के इंचार्ज हैं। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह डिलिवरी हब में मौजूद थे। कुछ देर बाद अचानक तीन युवक डिलिवरी हब में घुस आए। तीनों के हाथों में पिस्तौल थे। वह सीधे कैश रूम में घुस आए। वहां पर उनके टीम लीडर कैश काउंटर पर बैठे थे। तीनों ने आते ही वहां पर मौजूद सभी लोगों को पिस्तौल दिखाकर डराया और काउंटर पर रखे 1.68 लाख रुपये लूट लिए। इतना ही नहीं उन्होंने प्रदीप, रवि व गौरव के मोबाइल छीन लिये। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश वहां से भाग गए। सुनील ने मामले से सेक्टर-27 थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। फॉरेंसिक लैब की टीम को बुलाया गया है।

### दो गोतस्कर काबू, चार पशुओं को कराया मुक्त

**फरीदाबाद।** घूमने वाली गायों को भरकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो गोतस्करों को काबू कर उनके कब्जे से चार गायों को बरामद किया है। थाना सेक्टर 31 की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक टाटा ऐश गाडी में चार गाय भर रखी हैं।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. VIKRANT**
Additional Civil Judge
(Senior Division), Kharkhoda
**MAYANK MINOR**
**Vs.**
**GENERAL PUBLIC**
CNR No. HRSOC0-000172-2024
Next Date : 15.04.2025
Hindu Minority and Guardianship Act
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public Kharkhoda, Sonipat**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.04.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
**Sd/- Vikrant Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda**
Dated, this day of 06.03.2025

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5837




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5836 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | वा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | ब | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | | ध | र्मो | प | दे | श | क |



कोटा स्पेशल इंपैक्ट फीचर

# एम्स हो या आईआईटी हर चौथा स्टूडेंट होता है कोटा कोचिंग से

### कोटा कोचिंग ने दिए 31 से ज्यादा ऑल इंडिया टॉपर्स


कोटा कोचिंग के वर्ष 2024 के रिजल्ट्स में आईआईटी व एम्स एडिमशन में हर चौथा स्टूडेंट कोटा कोचिंग से है। जेईई एडवांस्ड में वेद लाहोटी, जेईई मेन में नीलकृष्ण एवं नीट में 6 ऑल इंडिया टॉपर्स एलन कोटा कोचिंग से रहे। पिछले 10 वर्षों में कोटा कोचिंग ने चार बार नीट व आईआईटी-जेईई में एक साथ ऑल इंडिया टॉपर दिए हैं।

कोटा कोचिंग से 2014 में चित्रांग मुरडिया जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा तेजस्विन झा एआईपीएमटी टॉपर एलन कोटा से रहे, वर्ष 2016 में भी कोटा कोचिंग के अमन बंसल जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा हेत संजय शाह नीट आल इंडिया टॉपर एलन से रहे। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड व नीट दोनों में ऑल इंडिया 1, 2, 3 रैंक एलन क्लासरूम से रही। एम्स-2017 में सभी टॉप-10 स्टूडेंट्स एलन से रहे। निशिता पुरोहित ने ऑल इंडिया टॉप किया। वर्ष 2019 में कार्तिकेय जेईई-एडवांस्ड तथा नलिन खंडेलवाल नीट में टॉपर रहे।

### मेंटोरशिप प्रोग्राम

कोटा कोचिंग में हर स्टूडेंट का एक मेंटोर (फैकल्टी) होता है, जिससे वह व्यक्तिगत रूप से जुड़कर हर समस्या का समाधान ले सकता है।

## साल-दर-साल कोटा कोचिंग लगातार दे रहा रिकॉर्ड रिजल्ट्स




### हर साल ऑल इंडिया टॉपर कोटा कोचिंग से

**आईआईटी-जेईई**

| | |
|---|---|
| 2024 | वेद लाहोटी |
| 2021 | मृदुल अग्रवाल |
| 2019 | कार्तिकेय गुप्ता |
| 2016 | अमन बंसल |
| 2015 | सतवत जगवानी |
| 2014 | चित्रांग मुरडिया |
| 2008 | शितिकांत |
| 2007 | अचिन बंसल |
| 2002 | डूंगराराम |
| 2000 | नितिन गुप्ता |

**नीट/एम्स/एआईपीएमटी**

| | |
|---|---|
| 2024 | माजिन, दिव्यांश, प्राचिता, नेहा माने, तेजस |
| 2022 | तनिष्का |
| 2020 | शोएब आफताब |
| 2019 | नलिन खंडेलवाल |
| 2017 | निशिता पुरोहित |
| 2016 | हेत संजय शाह |
| 2014 | तेजस्विन झा |
| 2013 | आयुष गोयल |
| 2010 | लोकेश अग्रवाल |

**जेईई मेन** 2024 में नीलकृष्ण एवं पिछले वर्षों में गुरमीत सिंह, मृदुल अग्रवाल, पुलकित गोयल, सिद्धांत मुखर्जी, अंशुल वर्मा, काव्या चौपड़ा, कल्पित वीरवाल टॉपर रहे।

## अपने-अपने अनुभव

### कोटा की धरती बना रही देश के चैंपियन

कोटा में कॉम्पीटिशन का लेवल और पढ़ाई का माहौल बहुत अलग है। इसे देखते हुए ही एलन में पढ़ाई शुरू की। जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां बेस्ट स्टूडेंट्स का साथ है, बेस्ट फैकल्टीज की गाइडेंस है और पढ़ाई के लिए एलन कोटा में बेस्ट इको सिस्टम है। मेरा रैंक-1 का लक्ष्य पूरा करने में कोटा आना सबसे सही निर्णय रहा।



*-वेद लाहोटी, एआईआर-1, जेईई-एडवांस्ड 2024*

नीट की तैयारी के लिए एलन कोटा ज्वाइन किया। यहां आकर मेरा कॉन्फीडेंस अलग ही लेवल का हो गया, क्योंकि यहां का माहौल ही अलग है। इसका रिजल्ट भी सबके सामने है। परिवार हरियाणा से है। घर में पापा, चाचा सेना में हैं तो मेरा मन भी देश सेवा का था लेकिन पापा ने कहा कि तुम डॉक्टर बनकर देश सेवा करो।



*- दिव्यांश जितेन्द्र, एआईआर-1, नीट 2024*

नीट में कम्पीटिशन बड़ा है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए और बड़ी तैयारी के लिए कोटा आना सबसे सही फैसला था। इससे न केवल मेरा सेल्फ असेसमेंट प्रॉपर हुआ, वरन मुझे अच्छा कम्पीटिशन भी मिला जिससे मुझमें निरन्तर सुधार हुआ और मैं सफलता प्राप्त कर सकी।



*-तनिष्का, एआईआर-1, नीट 2022*

दो साल से कोटा में हूं। पहले मेरी बेटी ने यहां पढ़कर आईआईटी खड़गपुर में एडमिशन लिया, अभी बेटे ने जेईई-मेन क्लीयर कर लिया है। एडवांस्ड की तैयारी कर रहा है। मेरे बच्चों का जीवन कोटा ने बनाया है। यहां माहौल का फर्क है। बच्चे एक दूसरे को देखकर सीखते हैं। कोटा के लोग भी बहुत अच्छे हैं। *-नीलू गौतम, पेरेंट*



## कोटा... एक ऐसा शहर जहां मेहनत को दिशा, संघर्ष को हौसला और सपनों को मिल रही उड़ान

# कोटा : बड़ी जीत के लिए बड़ा मैदान

### जेईई व नीट जैसे बड़े कम्पीटिशन के लिए देश का बड़ा मैदान है कोटा

**चम्बल** किनारे बसा शहर कोटा शिक्षा की काशी है। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि लाखों सपनों की कर्मभूमि है। यहां हर साल हजारों छात्र अपने भविष्य की नींव रखने आते हैं। यह वह जगह है, जहां मेहनत को दिशा मिलती है, संघर्ष को हौसला मिलता है, और सपनों को उड़ान मिलती है। यही कोटा की असली परिभाषा है। कोटा सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का केंद्र नहीं रहा। यह जीवन जीने की पाठशाला भी बन गया है। माता-पिता अब कहते हैं कि 'कोटा जाओ, वहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिंदगी के सबक भी सीख जाओगे।' यहां स्टूडेंट्स को मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफलता के असली मायने समझाए जाते हैं।

### ऐसे हुई शुरुआत

1988 में एक छोटी सी शुरुआत ने कोटा की पहचान बदली। जब यहां के एक पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारी शिक्षक राजेश माहेश्वरी ने सबसे पहले सभी विषयों की कोचिंग एक छत के नीचे देने का नवाचार करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना की। यह पहल धीरे-धीरे सफलता में तब्दील होने लगी, वर्ष-दर-वर्ष कोटा की पहचान इस क्षेत्र में मजबूत होती चली गई। इस तर्ज पर कई संस्थान शुरू होते चले गए। आज कोटा को एजुकेशन कैपिटल के रूप में पहचाना जा रहा है। कोटा में देश ही नहीं वरन दुनिया से स्टूडेंट्स मेडिकल व इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए आ रहे हैं। कोटा क्लासरूम कोचिंग के साथ अत्याधुनिक तकनीक से भी स्टूडेंट्स को सपोर्ट दे रहा है।

## मॉडल एजुकेशन सिटी, जहां है 'संस्कार से सफलता' तक की शिक्षा




**एक शहर...** जहां देश के हर प्रांत से श्रेष्ठ स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ते हैं।

**एक शहर...** जहां देश के सबसे ऊर्जावान और युवा फैकल्टीज स्टूडेंट्स के आइकन हैं।

**एक शहर...** जहां पढ़ाई के लिए देश का सबसे बेहतर माहौल है।

**एक शहर...** जहां बातों-बातों में दिनभर में लाखों सवाल हल हो जाते हैं।

**एक शहर...** जहां आबादी के 15 प्रतिशत देशभर से आए स्टूडेंट्स हैं।

**एक शहर...** जहां देश के हर कोने से आई करीब 50 हजार बेटियां अपना कॅरियर बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं।

**एक शहर...** जहां स्टूडेंट्स की केयरिंग परिवार की तरह की जा रही है। कोचिंग, हॉस्टल के साथ शासन-प्रशासन सभी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने के लिए प्रयासरत हैं।

**एक शहर...** जहां के एलन संस्थान का दुनिया में सबसे ज्यादा क्लासरूम स्टूडेंट्स पढ़ाने का रिकॉर्ड है।

**एक शहर...** एक शहर जो सबसे ज्यादा डॉक्टर व इंजीनियर देता है।

**एक शहर...** जहां के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

**एक शहर...** जहां अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर एजुकेशन दी जा रही है।

**एक शहर...** जिसका हैप्पीनेस इंडेक्स अन्य शहरों से ज्यादा है।

### कोटा कोचिंग के ऐसे उदाहरण जो समाज में बदलाव की कहानियां लिख रहे हैं

कोटा जिंदगी बदल रहा है। कामयाबी की कहानियां लिख रहा है, वो कहानियां जो समाज में बदलावों के लिए प्रेरक साबित हो रही है। छोटे गांव कस्बे के निर्धन परिवार की प्रतिभा को कामयाबी दिलाने की जिद हो या देश को नई दिशा देने की, कोटा साथ है।



*रामचंद्र, वात्सल्य व डॉ. रूपा*

यहां के तुहीन-डे (90% विकलांगता के साथ एनआईटी में), बालिका वधू डॉ. रूपा यादव, गूगल में कार्यरत दिहाड़ी मजदूर का बेटा रामचन्द्र सांखला, माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत वेल्डर का बेटा वात्सल्य चौहान, कुली का बेटा खेराज, घर-घर कबाड़ एकत्रित करने वाले का बेटा अरविन्द कुमार, शोध कर रही कैंसर से लड़ने वाली डॉ. अनीशा, बुनकर का बेटा मनोहरलाल, चौब सिंह, विशाल बिस्वास, राकेश बंजारा सहित सैंकडों ऐसे स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर-इंजीनियर बनकर सामाजिक बदलाव के उदाहरण बने।

## यूं समझिए कोटा को

**13** लाख वर्तमान कोटा शहर की आबादी

**1.50** लाख से अधिक कोचिंग स्टूडेंट

**5** हजार अनुभवी फैकल्टीज

**25%** सीटों पर कोटा कोचिंग स्टूडेंट आईआईटी, एनआईटी और एमबीबीएस में



**50** हजार से अधिक छात्राएं।

**04** हजार हॉस्टल्स, 1500 से अधिक मैस

**25** हजार से अधिक स्टूडेंट्स पीजी में।

## कोटा केयर्स — कोचिंग, कॅरियर के साथ केयरिंग का नया कोटा

### 4 दशक में जीता 30 लाख परिवारों का भरोसा, देश को दिए 10 लाख से अधिक डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा** शहर अब एक नई परिभाषा और नए संकल्प के साथ स्थापित हो रहा है। पहले कोटा को सिर्फ 'कॅरियर व कोचिंग सिटी' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'केयर सिटी' भी बन चुका है। यहां न सिर्फ पढ़ाई होती है, बल्कि छात्रों की देखभाल, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। 'कोटा केयर्स' अभियान ने पूरे शहर को स्टूडेंट्स की सफलता से जोड़ दिया है। कोटा ने अब तक 30 लाख परिवारों का भरोसा जीता है। करीब 10 लाख स्टूडेंट्स का कॅरियर डॉक्टर-इंजीनियर आदि प्रोफेशनल्स के रूप में बनाया है। कोटा केयर्स के तहत हॉस्टल संचालकों, ऑटो चालकों और डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए पहल की है।



### कोटा कोचिंग पैटर्न : एक्सपिरियंस लर्निंग सिस्टम

पिछले चार दशकों की एक्सपिरियंस लर्निंग से कोटा कोचिंग एक पैटर्न बन गया है, जिसका देशभर में अनुसरण किया जा रहा है। देश में मेट्रो और कोटा से बड़े अन्य शहर कोटा कोचिंग के पैटर्न के आधार पर बच्चों का कॅरियर बना रहे हैं। कोटा कोचिंग पैटर्न पढ़ाई की ऐसी पद्धति बन गई है जो सफलता के लिए आवश्यक है।

### देश के लिए मॉडल सिटी बनाने की पहल

कोटा में अकेडमिक एक्सीलेंस के साथ अब कोटा केयरिंग मॉडल को जोड़ते हुए शहर को मॉडल सिटी बनाने की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कोटा केयर्स अभियान के तहत एजुकेशन के साथ केयरिंग जोड़ते हुए ऐसा इको सिस्टम डवलप किया जा रहा है जो देश में एक मॉडल की तरह स्थापित हो। प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर शहर में हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, पीजी संचालक, मैस, स्ट्रीट वेंडर्स सभी आगे आए हैं

## छात्रों के लिए देश का पहला इमोश्नल वेलबीइंग सेंटर

कोटा अनुभवों से सीख रहा है। यह पहला शहर है जहां स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। स्टूडेंट्स को एडवांस केयर कैसे दी जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, इस पर कोटा अब देश के अन्य शहरों से आगे बढ़ रहा है। यहां देश के पहले इमोशनल वेल बीइंग सेंटर की स्थापना की, जो एक इंटीग्रेटेड कैंपस है जहां सभी तरह के काउंसलर 24 घंटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### कोटा इसलिए है दूसरे शहरों से अलग

- **पढ़ाई का तरीका:** विषयों की गहराई ही नहीं, बल्कि प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर भी ध्यान दिया जाता है।
- **संघर्ष से सीख:** केवल परीक्षा पास करना ही नहीं सिखाता, बल्कि कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- **नेशनल लेवल कम्पीटिशन:** देश के बेस्ट फैकल्टीज स्टूडेंट को नेशनल लेवल के कंप्टीशन के लिए तैयार करते हैं।

**एक्सपर्ट कमेंट्स** — कोटावासियों की मेहनत और अनुभव से मजबूत बनी है शिक्षा की काशी कोटा सिटी

# अपने कर्म और कौशल से कोटा ने हासिल की कीर्ति

### कोटा के बेटा-बेटी देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे

अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा भेजें। यहां सुरक्षित वातावरण के साथ अच्छी शिक्षा है। यहां आकर विद्यार्थी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी आज देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाला समय कोटा का और बेहतर होगा। कोटा स्टूडेंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने की समझ रखता है। यहां का माहौल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



*- ओम बिरला,*
*लोकसभा अध्यक्ष*

### स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित

पूरा कोटा आने वाले बच्चों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह देखभाल करने हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु पिछले एक वर्ष में कई प्रयास कोटा द्वारा किए गए हैं, जिसमें कोटा केयर्स अभियान के तहत पूरे शहर के आमजन को स्टूडेंट केयरिंग से जोड़ा जा रहा है। अब यहां हर वर्ग स्टूडेंट की केयरिंग के लिए फोकस्ड है। समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से स्टूडेंट्स से बातचीत करते हैं, उनके मन की बात जानते हैं और उन्हें समाधान देते हैं।



*-डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, जिला कलक्टर, कोटा*

### स्टूडेंट्स के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल शहर

कोटा देश में विद्यार्थियों के लिए बहुत अनुकूल और सुरक्षित शहर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए ही कई पहल भी की गई है, जिसमें कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स (K-SOS) एप लॉन्च किया गया है। इसमें पैनिक बटन दिया गया है। पुलिस हर कदम पर स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना है। कोचिंग स्टूडेंटस वाले क्षेत्रों में नियमित गतिविधियां की जा रही है, बच्चों से बातचीत भी करते हैं, उन्हें समझते हैं।



*- डॉ.अमृता दुहन, सिटी एसपी, कोटा*

### कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है

कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है। यहां एक ऐसा इको सिस्टम है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई के लिए प्रेरित होता है। चार दशकों के अनुभव से कोटा का सिस्टम इतना मजबूत हो गया है कि स्टूडेंट की जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझकर समाधान दिए जाते हैं। यही कारण है कि स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वाइस कोटा है। यहां बेस्ट स्टूडेंट के साथ बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट माहौल का पूल स्टूडेंट को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और यही प्रेरणा परिणामों में नजर आती है।



*- राजेश माहेश्वरी, निदेशक, एलन करियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि.*

## नेशनल लेवल कम्पीटिशन का सबसे बड़ा रन-वे



**कोचिंग** सिटी कोटा नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन के लिए रनवे है। यहां देशभर के टॉप ब्रेन आते हैं और साथ पढ़ते हैं। ऐसे में यहां मिलने वाला नेशनल लेवल का कम्पीटिशन स्टूडेंट को नेशनल लेवल के लिए निखारता है। स्टूडेंट अपना सेल्फ एनालिसिस भी आसानी से कर सकते हैं। यहां वे वास्तविक परीक्षा के बहुत करीब खुद को पाते हैं और उसी के अनुरूप अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में कोटा के रन-वे पर रफ्तार पकड़ने वाले स्टूडेंट्स के उड़ान भरने के अवसर अधिक होते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अप्रैल-फरवरी में कोयला आयात मामूली घटा



**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष के पहले 11 माह (फरवरी) के दौरान देश का कोयला आयात मामूली 1.4 प्रतिशत घटकर 24.07 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 24.42 करोड़ टन का कोयला आयात किया था। समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 15.23 करोड़ टन रहा।

## बीओएम ने खुदरा ऋण में की 0.25 फीसदी की कटौती




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने भारतीय रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत दर के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है।
बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक की रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) अब 9.05 प्रतिशत से घटाकर 8.80 प्रतिशत कर दी गई है।

## गोदरेज ने सवाना का फूट कारोबार किया अधिग्रहित




**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज के रसायन कारोबार ने सवाना सर्फैक्टेंट्स के फूड एडिटिव कारोबार का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ओलियोकेमिकल्स, सर्फैक्टेंट्स, स्पेशियलिटीज और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी के तौर पर यह लेनदेन वैश्विक स्तर पर खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग में अपने उत्पाद की पेशकश का विस्तार करने में मदद करेगा।

## एफपीआई ने अप्रैल में बाजार से निकाले 31,575 करोड़




**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत सहित दुनिया के तमाम देशों पर लगाए गए शुल्क की चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 31,575 करोड़ रुपये निकाले हैं।
इससे पहले 21 मार्च से 28 मार्च तक छह कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 30,927 करोड़ रुपये डाले थे।

## भारत के आतिथ्य लेनदेन में छोटे शहरों का प्रभाव बढ़ा



**मुंबई।** भारत के आतिथ्य क्षेत्र में पिछले साल छोटे शहरों का प्रभाव बढ़ा है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की सभी होटल लेनदेन में लगभग आधी हिस्सेदारी थी। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल ने एक रिपोर्ट में कहा कि 2024 में लगभग 25 सौदे हुए। इनमें मुख्य रूप से व्यवसाय और अवकाश स्थलों, दोनों तरह की संपत्तियां शामिल थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जो सभी होटल लेनदेन का लगभग आधा हिस्सा था। इसके साथ ही उद्योग की पहुंच अधिक व्यापक हुई। इस रुझान के कारण अमृतसर, मथुरा, बीकानेर और ऐसे ही कई अन्य स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

## आंबेडकर जयंती पर बाजार रहा बंद

**मुंबई।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। बाजार में रोज की तरह कारोबार मंगलवार से फिर शुरू होगा।

# बदल गई देश के टॉप अमीरों की लिस्ट! अब पहले नंबर पर पहुंचे मुकेश अंबानी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फोर्ब्स ने 1 अप्रैल 2025 तक के फाइनेंशियल आंकड़ों के आधार पर देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी हैं। उल्लेखनीय है, एक समय ऐसा भी था, जब गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर शख्स हो गए थे। सूची इस प्रकार है-

- सूची में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी रहे दूसरे स्थान पर

### 1- मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी 1,000,122 करोड़ (119.9 बिलियन डॉलर) के रेवेन्यू के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस तेल-गैस, पेट्रोकेमिकल्स, टेलीकॉम और रिटेल सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय है। उनके तीनों बच्चे-आकाश, ईशा और अनंत, अब कंपनी के अलग-अलग हिस्सों का संचालन कर रहे हैं।

### 2. गौतम अडाणी

गौतम अडाणी अडानी ग्रुप के चेयरमैन हैं, जो भारत में पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में काम करता है। 2023 में हिन्डनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरावट जरूर आई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 2024 में ग्रुप ने बाज़ार में वापसी की।

### 3. सावित्री जिंदल और परिवार

भारत की सबसे अमीर महिलाओं कि लिस्ट में शामिल सावित्री जिंदल ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन हैं। कंपनी के संचालन की ज़िम्मेदारी उनके चारों बेटे संभालते हैं। जिंदल ग्रुप स्टील से लेकर स्पोर्ट्स तक कई क्षेत्रों में कार्यरत है।

**फोर्ब्स ने जारी की नए बिलेनियर 2025 की सूची**

*4. शिव नाडार : भारत के आईटी क्षेत्र के अग्रणी शिव नाडार ने एचसीएल की स्थापना की थी। उन्होंने 2023 में 2,042 करोड़ से अधिक राशि दान की थी। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2008 में पद्म भूषण से नवाजा गया। हालांकि, हाल ही में शिव नाडार ने अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा अपनी बेटी रोशनी नाडार के नाम कर दिया था।*

*5. दिलीप संघवी : सन फार्मास्युटिकल्स के संस्थापक दिलीप संघवी भारत की फार्मा इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक हैं। उन्होंने 2014 में रैनबैक्सी को 4 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित कर फार्मा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की थी।*

*6. सायरस पूनावाला : सीरम इंस्टीट्यूट दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है। कोविड-19 के दौरान वैक्सीन की भारी डिमांड से पूनावाला परिवार की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई।*

*7. कुमार मंगलम बिड़ला : कंपनी सीमेंट, एल्युमीनियम और फाइनेंशियल सर्विसेस सेक्टर में काम करती है। हाल ही में वोडाफोन-आइडिया के 18,000 करोड़ के एफपीओ के बाद कुमार बिड़ला की बोर्ड में वापसी हुई है।*



*8. राधाकिशन दमानी : राधाकिशन दमानी ने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में की थी। आज भारत में डीमार्ट के 330 से अधिक स्टोर हैं। साथ ही वह वीएसटी और इंडिया सीमेंट्स जैसी कंपनियों में भी हिस्सेदार हैं।*

*9. लक्ष्मी मित्तल : लक्ष्मी मित्तल स्टील उद्योग के सबसे बड़े नामों में से हैं। उनकी कंपनी ने 2019 में एस्सार स्टील को 5.9 बिलियन डॉलर में खरीदा था। उन्होंने सीईओ की भूमिका अपने बेटे आदित्य मित्तल को सौंप दी है, जबकि खुद चेयरमैन बने हुए हैं।*

*10. उदय कोटक : कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक अब अपने बेटे जय कोटक को उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। 2020 में उन्होंने अपनी हिस्सेदारी कम कर बैंक की रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा किया था।*

### चीन के आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई

# अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी के बाद चीन का निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़ा, आयात में गिरावट

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इसी अवधि में आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### चीन पर अमेरिका ने 145 फीसदी शुल्क लगाया

वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

**विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन**

### वियतनाम में चीन का निर्यात बढ़ा

हालांकि पिछले हफ्ते अमेरिका ने इस फैसले को 90 दिन के लिए टाल दिया था। वियतनाम में पिछले महीने चीन का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसके आयात में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, शी की यात्रा पहले से ही निर्धारित थी लेकिन अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के चलते यह महत्वपूर्ण हो गई है।




- चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27 .6 अरब डॉलर रहा
- चीन के निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से

### वैश्विक आयात में चीन की हिस्सेदारी 10.5 फीसदी

चीनी आयात में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चीन लगातार 16 वर्षों से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक रहा है, जिसने वैश्विक आयात में अपनी हिस्सेदारी लगभग आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर ली है। उन्होंने कहा, '' वर्तमान में और भविष्य में चीन का आयात वृद्धि क्षेत्र बहुत बड़ा है और बड़ा चीनी बाजार हमेशा दुनिया के लिए एक बड़ा अवसर है।''

### अफ्रीका को निर्यात 11 फीसदी बढ़ा

निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों से हुई जहां मार्च में चीन से निर्यात में सालाना आधार में करीब 17 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। अफ्रीका को निर्यात 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

### चीन गंभीर स्थिति का सामना करने तैयार

सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डालियांग ने कहा कि चीन '' जटिल व गंभीर स्थिति '' का सामना कर रहा है, लेकिन वह घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

### चीन के राष्ट्रपति मलेशिया व कंबोडिया जाएंगे

चीन के राष्ट्रपति शी शिनफिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे थे। वह मलेशिया और कंबोडिया भी जाएंगे। इससे उन्हें अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा, जो संभावित रूप से भारी शुल्क का सामना कर रहे हैं।

# भारत की अमेरिका को 40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव के एन. राघवन ने कहा, '' अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब रोके गए निर्यात को भेजने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क है। अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर वर्तमान में 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है।



- ट्रंप के जवाबी शुल्क के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए
- झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार

### 2023-24 में 2.7 अरब डॉलर का निर्यात

उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा, '' (अतिरिक्त शुल्क पर) 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया।

# शुल्क वार के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है।

अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण हाल के दिनों में शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था। इस दौरान बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद भी रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, '' अमेरिका के दुनिया पर व्यापक स्तर पर जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद नए वित्त वर्ष की शुरुआत में बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा।



- सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई
- बीएसई में दो अप्रैल से अब तक 1460 अंक की गिरावट आई

### चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

अमेरिका ने चीन से आयातित वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है। वहीं चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

# मलेशियाई बाजार टूटने से खाद्य तेल में आई गिरावट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मलेशिया एक्सचेंज के टूटने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को अधिकांश तेल-तिलहन (सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल) के दाम में गिरावट रही। वहीं आवक कम रहने के बावजूद मलेशियाई बाजार की मंदी से बाजार धारणा प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है। जबकि और शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट को देखते हुए पेराई मिलों ने सरसों के दाम कुछ घटा दिये हैं। वैसे देखा जाये तो मंडियों में सरसों की आवक की स्थिति कमजोर बनी हुई है और चीन के बाद अब नेपाल और बांग्लादेश से सरसों खली डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग निकली है। लेकिन मलेशिया एक्सचेंज टूटने की वजह से बाजार धारणा प्रभावित हुई है जो सरसों तेल-तिलहन में गिरावट का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि कम आवक के बावजूद मलेशिया एक्सचेंज के कमजोर रहने के कारण सोयाबीन तेल के दाम में भी गिरावट देखने को मिली।



- सोयाबीन एवं पामतेल की कीमतों में कमी आई
- मलेशियाई बाजार की मंदी से मूंगफली के दाम पूर्वस्तर पर

*चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है*

*सोयाबीन तेल से जब तक इन दोनों तेलों के दाम में पर्याप्त कमी नहीं होगी इनकी बाजार मांग नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है लेकिन कारोबारी माहौल खराब रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि उपलब्धता काफी कम रहने के कारण बिनौला तेल के दाम भी पूर्वस्तर पर बने रहे।*

## एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देते हुए अपनी उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई के मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नयी कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी। एसबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, बैंक ने 'बाह्य मानक आधारित उधारी दर' (ईबीएलआर) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 8.65 प्रतिशत कर दिया है। संशोधित दरें 15 अप्रैल, 2025 से प्रभावी हो जाएंगी।

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने दिनांक 08 अप्रैल, 2025 को 10 वर्ष पूर्ण किया है। यह योजना भारत में एमएसएमई वित्तपोषण परिदृश्य को बदलने में सहायक रही है। पिछले एक दशक में, पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यमों हेतु ऋण तक पहुँच के विषय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना की स्तरीय संरचना - शिशु , किशोर और तरुण - ने बैंक को उद्यमियों के लिए किफायती, संपार्श्विक-मुक्त ऋण संवितरित करने में सक्षम बनाया है। पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र में हमारे बैंक की पहुंच का काफी विस्तार किया है। योजना के पहले पांच वर्षों के दौरान, हमने इस योजना के तहत 11,59,636 उधारकर्ताओं को कुल रु. 18,923 करोड़ की ऋण सुविधाएं संवितरित की हैं। 10 वर्षों की अवधि के दौरान संचयी संवितरण 43,65,580 उधारकर्ताओं को रु. 71,364 करोड़ है, अर्थात मात्रा के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में लगभग 300% की वृद्धि। इस योजना के तहत महिला उद्यमियों को प्राप्त होने वाली ऋण सुविधाएं 25% से अधिक है। 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषित तरुण प्लस श्रेणी के तहत ऋण सीमा को हाल ही में बढ़ाकर रु. 20 लाख कर दिया गया है, जिससे बैंक विकास क्षमता वाले थोड़े बड़े सूक्ष्म उद्यमों को सहयोग देने में सक्षम होगा। देश की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में योगदान देने के अतिरिक्त, इस यात्रा ने उद्यमिता हेतु सक्षम बनाया है साथ ही नए रोजगार भी सृजित किए हैं। बैंक ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम – जीईसीएल के माध्यम से अतिरिक्त ऋण को संस्वीकृत कर कोविड-19 महामारी के दौरान हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ताओं की सहायता की है। जीईसीएल प्रदान करके, बैंक ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे पीएमएमवाई उधारकर्ता तरलता की कमी से उबर सकें और अपनी आजीविका बनाए रख सकें। जीईसीएल के माध्यम से समय पर सहायता मिलने से 60% से अधिक पीएमएमवाई खाते एनपीए होने से बच गए।

## जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट ने एक राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) पर केंद्रित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता स्टेम केस्ट के अंतिम दौर का गर्व में आयोजन किया जिसमें हिमाचल प्रदेश और कई अन्य राज्यों से प्रतिभाशाली युवा दिमागों का स्वागत किया गया। यह भव्य आयोजन रविवार, 13 अप्रैल 2025 को शांत और सुंदर जेयूआईटी परिसर में हुआ। नवंबर 2024 में अपनी यात्रा शुरू करने बाने स्टेम कैस्ट में पूरे क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की उत्साही भागीदारी देखी गई। बौद्धिक रूप से उत्तेजक दौरों की एक श्रृंखला के बाद, कक्षा 12 के मेधावी छात्र, अपने गौरवान्वित माता-पिता के साथ, ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार के उत्सव में प्रतिस्पर्धा करने और शामिल होने के लिए जेयूआईटी बाकनाघाट परिसर में एकत्र हुए। यह कार्यक्रम न केवल एक प्रतिस्पर्धी मंच था। बल्कि छात्रों और अभिभावकों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का पता लगाने और जेयूआईटी वाकनाघाट की शैक्षणिक जीवंतता का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, जेयूआईटी के सीईओ माननीय श्री मनु भास्कर गौड़ ने प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### कंपनी को भारत में सीमा शुल्क धोखाधड़ी के लिए 11,000 करोड़ का नोटिस मिला

# भारत के लिए नए अवसर खोल सकता है अमेरिका के शुल्क वार

एजेंसी ▸▸| मुंबई

वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया ने सोमवार को कहा कि वह ट्रंप प्रशासन के जवाबी शुल्क का समर्थन नहीं करती है लेकिन इस कदम से लंबी अवधि में उद्योगों के लिए नये अवसर खुल सकते हैं।

हालांकि ट्रंप प्रशासन ने उन देशों को जवाबी शुल्क से 90 दिनों की राहत दी है, जिन्होंने अमेरिकी कार्यवाही के जवाब में कोई कदम नहीं उठाया था। स्कोडा ऑटो भारत में पूरी तरह तैयार इकाई (सीबीयू) के रूप में कारों के आयात से संबंधित कथित सीमा शुल्क धोखाधड़ी के लिए 11,000 करोड़ रुपये के कारण बताओ नोटिस का सामना कर रही है।

- स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के एमडी ने आशा जताई

### मुक्त व्यापार समझौते में लाए तेजी

हालांकि, उन्होंने कहा कि ये घटनाक्रम भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे समय से चर्चा में रहे मुक्त व्यापार समझौतों में तेजी ला सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत के लिए अवसर हैं। हम हमेशा से यूरोप के बीच कम शुल्क के समर्थक रहे हैं, चाहे वह यूरोपीय संघ का व्यापार हो या द्विपक्षीय एफटीए, जिस पर बहुत लंबे समय से चर्चा हो रही है।''



### कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार टिगुआन

यह तीसरी पीढ़ी की टिगुआन है, जो दुनिया भर में फॉक्सवैगन की सबसे ज़्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक है। इस मौके पर फॉक्सवैगन इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, ''जर्मन इंजीनियरिंग, 5-स्टार सुरक्षा और मजेदार ड्राइविंग अनुभव के साथ, नई टिगुआन आर-लाइन रोमांच के लिए पूरी तरह तैयार है।''

### अपने खंड में बेहतर पावर

स्कोडा ऑटो की नई पेशकश टिगुआन आर-लाइन में स्पोर्टी 'आर' थीम वाला एक्सटीरियर और इंटीरियर दिया गया है। इसमें मसाज फंक्शन, लुम्बर सपोर्ट के साथ स्पोर्टी आरामदायक सीटें और स्मार्टफोन के लिए आसान चार्जिंग जैसे कई फीचर दिए गए हैं। पेट्रोल इंजन से चलने वाली नई टिगुआन आर-लाइन 7-स्पीड डीएसजी ट्रांसमिशन के साथ अपने खंड में सबसे बेहतर 204 पीएस की पावर और 320 एनएम का टॉर्क देती है।

### नई टिगुआन की शुरुआती कीमत 49 लाख रुपए

इस बीच, कंपनी ने 49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर नई फॉक्सवैगन टिगुआन आर लाइन को पेश किया। इस मौके पर स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक पीयूष अरोड़ा ने यहां कहा, ''बेशक, हम जवाबी शुल्क का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन साथ ही द्विपक्षीय व्यापार या मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिये भारत में भी अर्थव्यवस्था को खोलने के बारे में बहुत सारी चर्चाएं हो रही हैं।''

### पूरा शुल्क मुद्दा कैसे सुलझेगा पता नहीं

एमडी ने कहा कि जवाबी शुल्क से भारत को शुरुआती बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन लंबे समय में शायद यह अवसरों को खोलेगा। उन्होंने साथ ही कहा कि फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि यह पूरा शुल्क मुद्दा कैसे सुलझेगा और यह किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

## प्रैट एंड व्हिटनी ने सराफ को बनाया कंट्री हेड

PRATT & WHITNEY
DEPENDABLE ENGINES

**मुंबई।** विमान इंजन बनाने वाली प्रैट एंड व्हिटनी ने आशीष सराफ को भारत में उपाध्यक्ष और 'कंट्री हेड' नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, सराफ भारत में सभी रणनीतिक विकास और परिवर्तन प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसमें कहा गया, वे थेल्स से प्रैट एंड व्हिटनी में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने एयरोस्पेस, रक्षा, बायोमेट्रिक्स, साइबर सुरक्षा और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर सहित थेल्स इंडिया के सभी व्यवसायों के लिए 'कंट्री डायरेक्टर' और चेयरमैन के रूप में कार्य किया है।






# अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56मी. फेंका थ्रो




**रमोना।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज़ सीरीज़ वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**ऑबर्नडेल।** भारत ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

खास खबर

## 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का फायदा मिला : कर्ण शर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

### दिल्ली के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

### मानसिक रूप से मैं तैयार था : नायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरुआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

आईपीएल

किंग्स का घरेलू मैदान बल्लेबाजी के लिए अनुकूल

# पंजाब के सामने आज कोलकाता नाइट राइडर्स की कठिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था।

पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है।



### पिच को लेकर असमंजस

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।

### सपाट और धीमे विकेट पर केकेआर सफल

नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर अपना कमाल दिखा सकती है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी जिससे निश्चित तौर पर टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

### गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट

एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया। आमतौर पर भरोसेमंद चहल ने पांच मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह दांव भी उल्टा पड़ सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे स्पिनर है जो अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने में माहिर हैं।

### पंजाब कप्तान अय्यर पर निर्भर

पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। प्रियांश आर्य (194 रन) इस सत्र की खोज रहे हैं। नेहल वढेरा (141 रन), प्रभसिमरन सिंह (133 रन) और फिनिशर शशांक सिंह (108 रन) भी टीम का मजबूत पक्ष हैं। लेकिन पंजाब की कमजोर कड़ी उसके भारतीय खिलाड़ी नहीं बल्कि दो ऑस्ट्रेलियाई ग्लेन मैक्सवेल (34 रन) और मार्कस स्टोइनिस (59 रन) हैं, जिन्होंने अब तक बल्ले से खास योगदान नहीं दिया है।

### एमबाप्पे को पांच साल बाद मिला रेड कार्ड, पर जीता रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

## खबर संक्षेप




### अमेरिका और जापान बीजेके फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**ब्रातिस्लावा।** हेली बैपटिस्ट और बर्नार्डा पेरा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मेजबान स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर अमेरिका को बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। ग्रुप सी के मैच में बैपटिस्ट ने रेनाटा जैमरिकोवा को 6-3, 6-4 से और पेरा ने रेबेका श्रामकोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराया। अमेरिका इस ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान ने भी फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप ए में निर्णायक युगल मैच में एना शिबहारा और शुको आओयामा ने कनाडा की कायला क्रॉस और रेबेका मैरिनो को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर जापान को फ़ाइनल्स में जगह दिलाई।

### भारतीय निशानेबाजों की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय टीम पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में इस साल के पहले विश्व कप में दूसरे स्थान पर रही। पेरू की राजधानी में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन मनु भाकर, सुरूची और संयम महिला एयर पिस्टल वर्ग में उतरेंगी जबकि सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में चुनौती रखेंगे।

### रिटायर्ड आउट पर तिलक ने खोला राज

**दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 गेंदों में 59 रन बनाए।



उनकी इस पारी से हार्दिक पंड्या की टीम 20 ओवरों में 205 का स्कोर बनाने में सफल रही। कुछ मैचों पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तिलक वर्मा को मैनेजमेंट ने 'रिटायर्ड आउट' कर दिया था। इस फैसले पर काफी विवाद हुआ था। अब तिलक वर्मा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं। मैं बस यह सोच रहा था कि उन्होंने यह फैसला टीम के लिए किया है। इसलिए मैंने इसे सकारात्मक रूप से लिया और नकारात्मक रूप से नहीं लिया। लेकिन मुख्य बात यह है कि आप इसे कैसे लेते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरा

## ज्योति सहित भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा।

वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौती का किस तरह से सामना करते हैं।'

### सविता और खारीबाम गोलकीपर

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

## पीएम करेंगे खेलो इंडिया युवा खेल का उद्घाटन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। नीतीश कुमार ने कहा, 'यह हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इन खेलों के आयोजन ने हमें राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है।' मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह में रिमोट कंट्रोल के माध्यम से खेलों के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। इन खेलों का आयोजन चार से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगुसराय में किया जाएगा। इन खेलों में देश भर के 8500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 1500 सदस्य हिस्सा लेंगे।

## राय, थीगाला शीर्ष 30 में रहे, मैक्लेरॉय चैंपियन

एजेंसी ▶▶| ऑगस्टा

भारतीय मूल के गोल्फर आरोन राय, साहित थीगाला और अक्षय भाटिया का यहां ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में प्रदर्शन साधारण रहा तथा इन तीन में से दो खिलाड़ियों ने शीर्ष 30 में जगह बनाई। किसी मास्टर्स टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे राय (70) चार दिनों में एक अंडर का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 27वें स्थान पर रहे जबकि थीगाला (71) चार दिनों में इवन पार पर रहे और संयुक्त 29वें पर रहे। रोरी मैक्लेरॉय ने प्लेऑफ में जस्टिन रोज पर नाटकीय जीत के साथ अपने पांचवें मेजर खिताब के लिए 11 साल के इंतजार को समाप्त किया।



### तारिक के गेंदबाजी एक्शन की शिकायत

**इस्लामाबाद।** क्वेटा ग्लेडिएटर्स के आफ स्पिनर पाकिस्तान के उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन की पाकिस्तान सुपर लीग टी20 टूर्नामेंट के दौरान शिकायत की गई है। क्वेटा की लाहौर कलंदर्स के खिलाफ 79 रन से हार के बाद तारिक की शिकायत मैदानी अंपायरों अहसान रजा और क्रिस ब्राउन ने की। तारिक ने 31 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'नियमों के अनुसार उस्मान पीएसएल के बाकी मैचों में गेंदबाजी कर सकता है लेकिन दोबारा शिकायत होने पर उसे गेंदबाजी से निलंबित किया जा सकता है। इसके बाद उसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त लैब से मंजूरी लेनी होगी जिसके बाद ही वह गेंदबाजी कर पाएगा।'

अनुचित लाभ लेने से रोकने बीसीसीआई का नया नियम

# बल्लेबाजों के बल्ले के आकार को जांच रहे मैदानी अंपायर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मैदानी अंपायरों ने परंपरा से हटकर इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के दौरान बल्लेबाजों को अनुचित लाभ लेने से रोकने के लिए मैदान पर ही बल्ले के आकार की जांच करना शुरू कर दिया है। बल्ले के आकार की जांच करना एक प्रचलित चलन है लेकिन पिछली बार तक इस प्रक्रिया का पालन ड्रेसिंग रूम के अंदर ही किया जाता था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि पावर-हिटिंग के इस जमाने में अधिक सतर्क रहने के लिए मैच अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर मैदान पर ही बल्ले की किसी भी तरह से जांच करने की अनुमति दी है। आईपीएल में 100 से अधिक और कई अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग कर चुके बीसीसीआई के एक पूर्व अंपायर ने भी इस घटनाक्रम पर आश्चर्य व्यक्त किया। इस पूर्व अंपायर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अंपायर बल्ले के आकार का जांच करने के लिए एक उपकरण 'बैट गेज' को अपने पास रखते हैं। अगर बल्ला उस गेज से गुजरता है, तो इसे स्वीकार्य माना जाता है। हम सभी ने ड्रेसिंग रूम के अंदर पारी शुरू होने से पहले बल्ले की जांच की है। खिलाड़ी अपना बल्ला सौंप देते हैं और जांच हो जाती है। अब सवाल यह है कि क्या किसी खिलाड़ी ने जांच के लिए एक बल्ला दिया था और मैदान पर दूसरे का इस्तेमाल किया था। अगर ऐसा हुआ है, तो यह प्रोटोकॉल स्वागत योग्य है। खिलाड़ी हमेशा कई बल्ले रखते हैं। बल्ले का वजन अलग-अलग हो सकता है, लेकिन उसकी लंबाई, चौड़ाई, गहराई और किनारे की चौड़ाई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर होनी चाहिए।'

### बल्ले का आधिकारिक माप

नियमों के अनुसार, बल्ले के मुख की चौड़ाई 4.25 इंच (10.79 सेमी) से अधिक नहीं होनी चाहिए। बल्ले के मध्य भाग (उभरा हुआ भाग) की मोटाई 2.64 इंच (6.7 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। किनारे की अधिकतम चौड़ाई 1.56 इंच (चार सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। बल्ले की लंबाई हैंडल के शीर्ष से आधार तक 38 इंच (96.4 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती।

### हेटमायर, पंड्या के बल्ले सही

पिछले कुछ दिनों में, राजस्थान रॉयल्स के शिमरोन हेटमायर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिल साल्ट और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के बल्ले को मैदान पर खेल के दौरान बैट गेज से मापा गया था। इन सभी खिलाड़ियों के बल्ले का आकार सही पाया गया था।

## चिंतन

# समतामूलक समाज निर्माण अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर उनकी विरासत को लेकर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण में डा. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करने और समतामूलक समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। सत्ताधारी दल और विपक्षी दल के बीच अंबेडकर की विरासत पर राजनीतिक कब्जे के लिए होड़ मची हुई है, लेकिन यही जब सत्ता में होते हैं, तो उनके सिद्धांतों पर अमल करते हुए नीतिगत फैसला नहीं लेते हैं। संविधान प्रदत्त राजनीति लोकतंत्र का तो सभी लाभ उठा रहे हैं, लेकिन सामाजिक व आर्थिक असमानता दूर करने के लिए सामाजिक न्याय व समता पर आधारित सामाजिक लोकतंत्र और समानता पर आधारित आर्थिक लोकतंत्र को अपनाने की दिशा में किसी भी दल की सरकार ने पहल नहीं की। आज भी राष्ट्र में सामाजिक व आर्थिक विषमताएं गहरे तक व्याप्त हैं, सरकारें उदासीन बनी हुई हैं। अंबेडकर के सपने के अनुरूप जाति व्यवस्था के खात्मे की दिशा में किसी भी सरकार ने कानूनी प्रयास नहीं किया, जबकि यह संभव है। लेकिन देश के दल विभाजनकारी राजनीति के पचड़े में ही उलझे हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बीच अंबेडकर को लेकर तीखे आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति नहीं बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया कि मोदी सरकार बाबासाहेब का सिर्फ नाम लेती है जबकि भाजपा तथा संघ के लोग अंबेडकर के शत्रु हैं। अभी सत्ताधारी दल अगर डा. अंबेडकर के सपनों के अनुरूप सामाजिक आर्थिक न्याय की बहाली की दिशा में काम करे तो देश की दशा बदल सकती है। यह सबको ज्ञात है कि कांग्रेस ने अंबेडकर को दो बार चुनाव में हरवाया, कांग्रेस शासन में बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिला, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राजनीतिक सम्मान भी नहीं दिया, इसलिए कांग्रेस को विरासत पर कुछ भी बोलने से पूर्व आत्मचिंतन करना चाहिए। संविधान निर्माण से लेकर निर्वाचन आयोग के गठन तक अनेक योगदान अंबेडकर के देश के लिए हैं। भीमराव छोटे राज्यों के पक्षधर थे, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार के विभाजन का प्रस्ताव उन्होंने रखा था, छोटे राज्य भी भाजपा शासन के दौरान ही अधिक बने। अंबेडकर के विचार केवल इतिहास की किताबों या औपचारिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रतिरोध की परिभाषा को आकार दे रहे हैं और अदालतों से लेकर कक्षाओं, विरोध-प्रदर्शनों और साइबर संसार तक में गूंज रहे हैं, जहां जाति, समानता एवं लोकतंत्र के बारे में बहस अब भी जारी है। आंबेडकर एक विधिशास्त्री से कहीं अधिक थे। वह एक क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका समतावादी और जाति व्यवस्था मुक्त भारत का दृष्टिकोण देश के समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए आज भी बेहद प्रासंगिक है। अंबेडकर का यह दृष्टिकोण वर्ष 2025 में भी प्रासंगिक है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना लोकतंत्र फल-फूल नहीं सकता। आज जब जाति, वर्ग और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है, तब समानता को लेकर उनका दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करता है। इसलिए राजनीतिक के बजाय उनके अदर्शों को राष्ट्र को सही मायने में अपनाने की जरूरत है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# मुर्शिदाबाद का भयावह सच

> मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं? सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है?

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्यप्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर मलाड आदि की घटनाओं से निस्संदेह देश को डरना चाहिए। इसका यह अर्थ नहीं कि डर कर चुपचाप बैठ जाए, बल्कि इन घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। हम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में गैर मुस्लिमों, हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा पर अपनी भौंहें टेढ़ी करते हैं, अपने देश के बारे में क्या कहेंगे? मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने कम से कम उन्हें गले लगाया और खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार की यात्रा के बाद पार्टी और दूसरे हिंदू संगठन भी सक्रिय हुए, लेकिन क्या किसी को याद है 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंदू असम और झारखंड में पहुंच गए थे। वे आज तक लौटे या नहीं लौटे देश को पता भी नहीं था। जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसर्मा ने अपनी पोस्ट लिखी तब इसकी जानकारी हुई। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं?

यही वह प्रश्न है अलग-अलग ऐसी घटनाओं और संदर्भों में जिनका उत्तर भारत स्पष्ट रूप से कभी नहीं दे सका। धुलियान में एक गरीब पिता पुत्र की हत्या कर दी गई, जो हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मूर्तिकार से किसका वैर का हो सकता है? लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए। यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गईं, अन्यथा पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता इसकी कल्पना से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना कीजिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिंदू समाज के साथ इनके



अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय ईकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करती। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको यह भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के ही दुश्मन हैं। अगर विरोध करना है तो इसके लिए हिंदुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, दुकान घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायन कर गए लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोलकर दियासलाई से आग लग रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभायात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। पिछले लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुओं से जुड़े उत्सवों, शोभायात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आते। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहरने का अभियान चलता है और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय जब वर्धमान जिले में एक बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए की टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुई और मरने वाले तीनों तृणमूल के थे। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ममता से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाता है।

सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है। बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। धीरे-धीरे दूसरे राज्यों में भी हिंदू उत्सवों प्रतिमा विसर्जनों शोभा यात्राओं आदि पर हमले की प्रवृत्तियां बढ़ीं हैं। उनके संदर्भ में हिंदू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नए सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को खुलकर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है, लेकिन जो समाज आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता। कम से कम ऐसी घटनाओं के विरोध में अहिंसक तरीके से धरना प्रदर्शन तो होना चाहिए था। बावजूद बंगाल जैसी स्थिति किसी की नहीं। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिंदुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

तेलंगाना विवाद
योगेश कुमार गोयल



# जीवन की सांसें हैं वृक्ष

तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए अगले आदेश तक इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लगा दी। अदालत ने पूछा कि वनों की कटाई शुरू करने की इतनी आपातकालीन आवश्यकता क्यों थी? उल्लेखनीय है कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास तेलंगाना सरकार द्वारा आईटी पार्क बनाने के लिए उस स्थान पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही थी। सोशल मीडिया पर इसी जगह का एक दिल दहलाने वाला वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें अंधेरे में बुलडोजर चलता दिख रहा है और वहीं से मोरों के झुंड की आवाज़ सुनाई दे रही है, जो जंगलों की कटाई से रो रहे हैं। इससे कुछ ही दिन पहले आगरा में ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काटे गए सैकड़ों वृक्षों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कठोर टिप्पणी की थी। अदालत के आदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाते हैं। अदालत ने अपने इन निर्णयों से स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के ये निर्णय देश के उन क्षेत्रों के लिए भी संदेश है, जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन को प्राणवायु माना जाता है और पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक हमें अपने आसपास इतने वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि कम से कम अपने परिवार के लिए तो हम ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं ही कर सकें। एक व्यक्ति वर्षभर में औसतन 9.5 टन हवा अपने अंदर लेता है, जिसमें इस हवा का 23 प्रतिशत हिस्सा ऑक्सीजन होता है, जिसकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति को सालभर की सांसों के लिए 7-8 वृक्षों की ऑक्सीजन चाहिए। इंसान को सामान्य रूप से सांस लेने के लिए हवा में कम से कम 19.5 फीसद ऑक्सीजन होनी चाहिए। वायुमंडल में यदि ऑक्सीजन नहीं होगी तो पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा, इसलिए ऑक्सीजन बचाने के लिए वृक्षों को बचाना समय की बड़ी मांग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्वस्थ वृक्ष प्रतिदिन करीब 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे 6-7 लोगों को प्राणवायु मिल पाती है, लेकिन पर्याप्त वृक्षों के अभाव में बहुत सारे स्थानों पर अब एक ही वृक्ष को करीब 20 लोगों को ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। दरअसल वायुमंडल में पहले ऑक्सीजन की जितनी मात्रा होती थी, वृक्षों के अभाव में उसमें 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। नीम, बरगद, पीपल जैसे बड़े छायादार वृक्ष, जो 50 साल या उससे ज्यादा पुराने हों, उनसे तो प्रतिदिन 140 किलो तक ऑक्सीजन मिलती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार करीब दो सौ वर्ष पुराने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ प्रतिदिन 250 लीटर ऑक्सीजन का स्राव करते हैं। ऐसे में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि ऐसे छायादार पुराने वृक्ष काटने से पर्यावरण को कितनी भारी क्षति पहुंचती है। यही वजह है कि ऐसे छायादार वृक्ष अपने आसपास के परिवेश में लगाने की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है। नीम, बरगद, तुलसी इत्यादि प्रतिदिन 20 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन छोड़ते हैं जबकि पीपल तो दिन में 22 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन का स्राव करता है। बांस के पेड़ किसी भी अन्य वृक्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं। 100 विशाल वृक्ष प्रतिवर्ष 53 टन कार्बन डाईऑक्साइड तथा 200 किलोग्राम अन्य वायु प्रदूषकों को दूर करते हैं और 5.3 लाख लीटर वर्षा जल को थामने में भी मददगार साबित होते हैं। घर में सुनियोजित ढंग से लगाए जाने वाले वृक्ष न केवल गर्मियों में एसी की खपत में 56 फीसदी की कमी लाते हैं, बल्कि सर्दियों में ठंडी हवाओं को भी रोकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी वृक्ष के वजन में एक ग्राम की वृद्धि से ही उससे 2.66 ग्राम अतिरिक्त ऑक्सीजन मिलती है तथा किसी विशाल वृक्ष से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन, फल, लकड़ी, बायोमास इत्यादि की कीमत के आधार पर पचास साल की अवधि में ऐसे वृक्ष की आर्थिक कीमत करीब दो लाख डॉलर होती है। एक स्वस्थ वृक्ष से मिलने वाली ऑक्सीजन की कीमत के आधार पर ऐसे वृक्ष की सालाना कीमत करीब 24 लाख रुपये होती है। स्वच्छ प्राणवायु के अभाव में कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बहरहाल, तेजी से होते जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की विकराल होती स्थिति को देखते हुए यह समझने की जरूरत है कि वायुमंडल में जो ऑक्सीजन मौजूद है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पेड़-पौधों का ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदी भाषा व साहित्य को विशेष प्राथमिकता मिले

देश, प्रदेश के कुछ विद्यालयों, महाविद्यालयों में ऐसा कुछ संभवतः लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि समय सारिणी में हिंदी भाषा और साहित्य के विषय को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक कर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा व साहित्य का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। *- समीर दीवान, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# शुल्क युद्ध से किसी की जीत नहीं : शी चिनफिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस हफ्ते दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के दौरे पर निकले हैं। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले वियतनाम की यात्रा की। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देशों पर भारी शुल्क (टैरिफ) लगाकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झटका दिया है। ट्रंप ने कुछ देशों पर लगाए शुल्कों पर फिलहाल विराम लगा दिया है, लेकिन चीन को इससे कोई राहत नहीं मिली है। ट्रंप ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन पर 145 प्रतिशत तक के भारी शुल्क अब भी लागू कर रखे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम और चीनी के आधिकारिक मीडिया में संयुक्त रूप से प्रकाशित संपादकीय में लिखा, व्यापार युद्ध या शुल्क युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने लिखा, हमारे दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले एवं सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। वैसे तो शी की यात्रा की योजना पहले से ही बनाई गई थी, लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच शुल्क विवाद के कारण यह यात्रा महत्वपूर्ण हो गई है।



## ऑफ बीट

# कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन

कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी - जो कि लोगों में लगभग असंभव है।



## ट्रेंड

### अनेक कदम उठाए

हमारी सरकार ने बाबासाहेब की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन संविधान के नाम पर रोटी सेंकने वालों ने उनसे जुड़े स्थानों का ना सिर्फ अपमान किया, बल्कि इतिहास से मिटाने का प्रयास भी किया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### बाबासाहेब को नमन

बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



### कड़े कानून बनाने चाहिए

कई प्राइवेट स्कूल मनमानी तरीके से हर साल फीस बढ़ा देते हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई बोझ बन जाती है। किताबें-नोटबुक, यूनिफॉर्म स्कूल से ही महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर किया जाता है। इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए।
-स्वाति मालीवाल, पूर्व अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू



### नवाचार साझेदारी मजबूत होगी

विश्व स्तर पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यूके के शीर्ष स्थान पर, बेंगलुरु भारत के पहले इंपीरियल कॉलेज हब को देखने के लिए उत्सुक है, जो भारत-यूके वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करेगा।
-किरण मजूमदारशॉ, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## अंबेडकर के नाम पर होगा 'जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम': योगी

लखनऊ (भाषा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में इसी महीने से शुरू किया जाने वाला 'जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम' (शून्य गरीबी अभियान) बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर होगा। उन्होंने कहा कि हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सरकार ने 'जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम' की योजना बनाई है जिसका मतलब है कि कोई गरीब-वंचित न रहे, बल्कि वह सुविधायुक्त जीवन जिये। योगी ने यह बात 134वीं जयंती पर अंबेडकर महासभा की तरफ से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।



## अंबेडकर के प्रति 'शत्रुता का भाव' रखने के लिए माफी मांगे कांग्रेस : यादव

इंदौर (भाषा)। देश में डॉ. बीआर अंबेडकर की विरासत को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकशी के बीच, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि संविधान निर्माता के प्रति कांग्रेस ने हमेशा "शत्रुता का भाव" रखा और इस पार्टी के नेताओं को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। यादव, आंबेडकर की 134वीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली महू पहुंचे और संविधान निर्माता के सम्मान में बनाए गए स्मारक में उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "कांग्रेस आंबेडकर के लिए सदैव शत्रुता का भाव रखती आई है।



## भाजपा मजबूरी में आंबेडकर के आगे झुकती है : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बी आर आंबेडकर के सामने "मजबूरी में" झुकती है, लेकिन उनके आदर्शों को बरकरार रखने में विफल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की इस टिप्पणी पर भाजपा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में यहां आप मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा, "हम अपनी पार्टी और सरकार चलाते समय बाबा साहब के रास्ते पर चलने की कोशिश करते हैं।



## कानून मंत्री मेघवाल ने अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को कहा कि संविधान के उद्देश्य को सही मायने में पूरा करने के लिए डॉ भीम राव आंबेडकर द्वारा स्थापित "समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व" के मूल्यों को समाज में गहराई से समाहित किया जाना चाहिए। अंबेडकर जयंती पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मेघवाल ने न केवल कानूनी ढांचे में, बल्कि रोजमर्रा के सामाजिक व्यवहार में भी आंबेडकर के आदर्शों को व्यापक रूप से अपनाने का आह्वान किया।



## दलितों के कल्याण के लिए अंबेडकर के रास्ते पर चल रहे हैं : साहा

अगरतला (भाषा)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार बीआर आंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलते हुए दलितों के कल्याण के लिए काम कर रही है। अगरतला के उज्जयंत पैलेस में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहा ने कहा कि संविधान निर्माता अंबेडकर को उनके योगदान के लिए बहुत देर से सम्मानित किया गया क्योंकि उनकी मृत्यु के 40 साल से अधिक समय बाद उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, "आंबेडकर ने दलितों के लिए काम किया था और जाति व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।"



# अंबेडकर ने हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया : भागवत

कानपुर (उप्र) (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए डॉ. भीम राव अंबेडकर के आजीवन प्रयासों की सोमवार को प्रशंसा करते हुए कहा कि बचपन से ही कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद वह सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे। यहां करावलो नगर में नवनिर्मित चार मंजिला संघ के क्षेत्रीय कार्यालय 'केशव भवन' के उद्घाटन के अवसर अपने संबोधन में भागवत ने कहा, "बाबासाहब को अपने जीवन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



बचपन से ही उन्हें भेदभाव और असमानता का सामना करना पड़ा। फिर भी, उन्होंने अपने पूरे जीवन में हिंदू समाज को एकजुट करने का प्रयास किया। सामाजिक एकता और प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है।" भागवत ने आंबेडकर और संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के बीच समानताएं भी

- बचपन से ही कठिनाइयों का सामना किया, भेदभाव और असमानता का सामना करना पड़ा

बताईं तथा कहा कि दोनों व्यक्तियों ने अपना जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया एवं राष्ट्रीय विकास के लिए एक ही दृष्टिकोण रखा। सरसंघचालक ने कहा, "बाबा साहब आंबेडकर और हेडगेवार दोनों ने जीवन भर हिंदू समाज के लिए काम किया। उन्होंने एक मजबूत और विकसित भारत का सपना देखा।" उन्होंने इसे सौभाग्य बताया कि संघ के नए केशव भवन का उद्घाटन आंबेडकर जयंती के दिन हुआ।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर ट्रस्ट को दी तमिलनाडु से धमकी

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के पुलिस महकमे में उस वक्त खलबली मच गई जब एक ईमेल के माध्यम से राम मंदिर ट्रस्ट को धमकी दी गई। धमकी वाले संदिग्ध ईमेल मामले में जांच की जा रही है। तमिलनाडु से किसी अनजान शख्स ने अंग्रेजी भाषा में धमकी भरा ईमेल भेजा है।



### पड़ा खलल... ततैयों के हमले में 25 लोग घायल

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक शादी समारोह के दौरान अचानक ततैये ने हमला कर दिया। ततैये के हमले से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा शादी समारोह के दौरान परिवार के सभी सदस्य मंदिर पर रस्म पूरी करने के लिए गए हुए थे।



### कल्याण की पत्नी ने कराया 'मन्नत मुंडन'

अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी ने रविवार को तिरुमाला मंदिर में सिर मुंडवाकर मन्नत पूरी की। हाल ही में सिंगापुर के एक स्कूल में आगजनी की घटना में घायल बेटे की सलामती को मन्नत मांगी थी। देवता के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक में बाल अर्पित कर दिए।



### मचैल माता मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला

जम्मू। जम्मू के किश्तवाड़ जिले में श्री मचैल माता मंदिर सर्दियों के बाद अब तीर्थयात्रियों के लिए फिर खोल दिया गया है, जिसके साथ वार्षिक यात्रा कार्यक्रम शुरू हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को बैसाखी के अवसर पर मंदिर को खोल दिया गया और जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने वार्षिक तीर्थयात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।









राष्ट्र ने किया बाबा साहेब को नमन

# अंबेडकर की प्रेरणा से देश सामाजिक न्याय के लिए समर्पित : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीम राव अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए सोमवार को कहा कि अंबेडकर की प्रेरणा के कारण ही देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने के लिए समर्पित है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अंबेडकर के सिद्धांत और विचार 'आत्मनिर्भर' एवं विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।'' बाद में मोदी अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई अन्य गणमान्य लोगों के साथ शामिल हुए। अंबेडकर को अनुसूचित जातियों के सशक्तीकरण के लिए उनके आजीवन संघर्ष और संविधान का मसौदा तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाना जाता है। एक दलित परिवार में 1891 में जन्मे आंबेडकर एक प्रतिभाशाली छात्र थे, जो विदेश में अध्ययन करने गए थे। भारतीय समाज में उनके द्वारा झेले गए भेदभाव ने उन्हें एक प्रतिबद्ध समाज सुधारक बना दिया। वह भारत के पहले कानून मंत्री थे। 1956 में उनका निधन हो गया।

## भाजपा ने देश भर में मनाई आंबेडकर जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने देश भर में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनायी और उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा इस महान दलित विचारक के जन्मोत्सव की आड़ में राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से भी नहीं चूके। वक्फ संशोधन अधिनियम के कारण मची राजनीतिक घमासान के बीच मोदी ने इस कानून का विरोध करने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधा और उन पर आंबेडकर द्वारा प्रतिपादित संवैधानिक मूल्यों से परे जाकर 2013 में वक्फ कानून में संशोधन कर संविधान को नष्ट करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने जहां आंबेडकर के आदर्शों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कई विकास परियोजनाओं का उद्घघाटन करने के लिए हरियाणा का दौरा किया, वहीं देश भर में उनकी पार्टी के सहयोगियों ने संविधान निर्माता को याद करने के लिए एक नए अभियान की अगुवाई की, जिसमें दलितों पर विशेष ध्यान दिया गया।

## अलीपुर स्थित आंबेडकर के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा राष्ट्रीय राजधानी के अलीपुर स्थित आंबेडकर के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने गए, जहां उन्होंने 1956 में अंतिम सांस ली थी, जबकि पार्टी नेताओं ने इस मौके पर देश भर में अपने कार्यालयों में और अन्य स्थानों पर उनकी याद में कई कार्यक्रम आयोजित किए। भाजपा मुख्यालय में कई नेताओं ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर इसके मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल दिया। डॉ आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में, भाजपा ने उन्हें याद करने के उद्देश्य से पार्टी के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में देश भर के नेताओं की एक कार्यशाला आयोजित की थी पार्टी नेताओं और इसकी विभिन्न राज्य इकाइयों ने 'आंबेडकर सम्मान अभियान' शुरू किया, ताकि यह उजागर किया जा सके कि किस प्रकार केंद्र और राज्यों की सरकारों ने आंबेडकर के दृष्टिकोण के अनुरूप समाज के वंचित वर्गों को अपने कल्याणकारी कार्यक्रमों में शामिल किया है।



## भाजपा-आरएसएस के लोग अंबेडकर के शत्रु : खरगे



नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का सिर्फ नाम लेती है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग आंबेडकर के शत्रु हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाए जाने को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि बाबासाहेब को चुनाव में हराने के लिए भाजपा के वैचारिक पूर्वज जिम्मेदार थे। खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा और आरएसएस का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि ये लोग बाबासाहेब के शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में बाबासाहेब को हराने के लिए विनायक दामोदर सावरकर और कम्युनिस्ट नेता एस ए डांगे जिम्मेदार थे। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों ने संविधान की प्रति जलाई, उनके चेले आज सत्ता में बैठे हैं। आंबेडकर की जयंती पर पत्रकारों से बात करते हुए खरगे ने देश भर में जाति जनगणना की आवश्यकता पर बल दिया और साथ ही निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संविधान आंबेडकर की ओर से नागरिकों को एक उपहार है क्योंकि यह उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का अधिकार देता है।

## टास्क फोर्स ने की उच्च-शिक्षण संस्थानों में बढ़ते छात्र आत्महत्या की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें रोकने के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करना था। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.रविन्द्र भट की अध्यक्षता में हुई। केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों के सचिव और विधि-न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। सचिवों में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग में सचिव डॉ.विनीत जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव अमित यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक मुख्य हैं। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों को लेकर अभी तक उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

## 'दस्तलिक' युद्धाभ्यास के जरिए अपना युद्ध कौशल दिखाएंगे भारत-उज्बेकिस्तान के रणबांकुरे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- आज से पुणे के औंध स्थित विदेशी प्रशिक्षण नोड में होगी युद्धाभ्यास की शुरुआत।

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) से लेकर जमीनी इलाकों तक जारी चीन की विस्तारवादी नीति के बीच भारत की विकासवादी सोच भी दुनिया के तमाम देशों में तेजी से प्रचलित हो रही है। इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है भारत और मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान के बीच होने वाला संयुक्त 'दस्तलिक-2025' युद्धाभ्यास। जिसकी शुरुआत मंगलवार से पुणे के औंध में मौजूद विदेशी प्रशिक्षण नोड में होने वाली है। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का छठा संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यहां बता दें कि दस्तलिक युद्धाभ्यास का पांचवां संस्करण पिछले साल 2024 में उज्बेकिस्तान टर्मेज जिले में हुआ था। सूत्रों ने बताया कि 15 अप्रैल से पुणे में शुरू हो रहे दस्तलिक युद्धाभ्यास के छठे संस्करण की कुल अवधि 14 दिनों की होगी। जिसमें युद्धाभ्यास 15 से 28 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इसके जरिए भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच न केवल आपसी सहयोग और सामंजस्य बढ़ेगा। बल्कि दोनों देशों के सैन्य और रणनीतिक संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। दस्तलिक का मुख्य उद्देश्य सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करना, संयुक्त क्षमताओं में वृद्धि और पर्वतीय और उप-नगरीय इलाकों में संयुक्त सैन्य अभियान का सफल संचालन करना है।

## ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन समेत पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की



रोहतक। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) और ईएचकेडी फार्मा ने सोमवार को रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद ईएचएमसीएचआर की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। सबसे पहले ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद वाइस चेयरमैन डॉ विनोद तोबड़िया, वाइस चेयरपर्सन डॉ. श्वेता रोहिल्ला, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. सतीश मलिक, डॉ. पीके अरोड़ा, डॉ. लालचंद गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. वेदपाल रावत और कैशियर डॉ. रोहित कटारिया ने शपथ ग्रहण की। कैथल, रोहतक, रेवाड़ी समेत कई जिलों के अध्यक्षों और सेक्रट्री ने शपथ ग्रहण की। डॉ. खनगवाल ने कहा कि अब नई कार्यकारिणी नए उत्साह के साथ प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को

- डॉ. खनगवाल बोले, प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाएंगे
- सभी डॉक्टर्स रिसर्च करें और मरीजों को ब्योरा साझा करें

मान्यता दिलाने के लिए काम करेगी। उन्होंने सभी डॉक्टर्स से आह्वान किया कि वे जोर शोर से इलेक्ट्रो होम्योपैथी पर काम करें। इस मौके पर प्रदेश भर से आए इलेक्ट्रो हाम्म्योपैथी के डॉक्टर, ईएचकेडी फार्मा की चेयरपर्सन डॉ. उषा खनगवाल, एएएमसी के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल सिंह, एएएमसी की रजिस्ट्रार डॉक्टर शिवानी, ईएचएमसीएचआर के सेक्रेटरी डॉ. संदीप सैनी, स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ. वीके कौशिक, रोहतक के सेक्रेटरी डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जीएस चौहान अंबाला, डॉ. संजय डागर सोनीपत, डॉ. रमेश झज्जर, डॉ. वंदना गुरुग्राम, डॉ. मीना रोहतक, डॉ. सुभाष, डॉ. रविंदर पलवल, डॉ. मनोज मंडल कैथल, डॉ. वीरेंद्र राणा अंबाला, डॉ. सोहन लाल अंबाला, डॉ. पवन जांगरा, जिला अध्यक्ष भिवानी, डॉ. रवि टॉक सेक्रेटरी भिवानी उपस्थित रहे।

# राजद नेता तेजस्वी यादव आज दिल्ली में मिलेंगे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनावों से बहुत पहले इस बार कांग्रेस,राजद, और वामदलों के बीच सीटों के बंटवारा साफ हो जाना है। इसी रीति नीति के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के साथ उनके प्रवास पर राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ बातचीत पहले राउंड की चर्चा हुई थी। मंगलवार को तेजस्वी अब मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर मिलकर विस्तार से सीटवार चर्चा करने दिल्ली पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि चर्चा में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इसी साल नवंबर में सभावित विधानसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन के लिए करो या मरो की स्थिति के साथ सामने है। लागतार तीन बार जदयू , भाजपा गठबंधन की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बनती रही है। इस बार नीतीश कुमार की तबियत सार्वजनिक रूप से कई बार दुरुस्त नहीं दिखने के बाद इस कयास को बल मिला कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का पद अपने पास रखने के इरादे से मैदान में होगी। वैसी स्थिति में जदयू, भाजपा गठबंधन को कैसे घेरना है इस पर भी तेजस्वी के साथ कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की चर्चा होनी है। कांग्रेस नेतृत्व से सीट बंटवारे पर साफ साफ बात करने के बाद आगामी 17 तारीख को राजद की अगुवाई में पटना में विपक्षी गठबंधन दल की बैठक आहूत की जाएगी, जिसमें सीट बंटवारे पर आपसी विमर्श होगा।



## गर्भगृह के मुख्य शिखर के लिए विधि-विधान के साथ की पूजा

# श्रीराम मंदिर के शिखर पर कलशारोहण पर वैदिक मंत्रों से गूंज उठा पूरा परिसर

### अयोध्या में एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर में आज एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार हुआ. मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर विधि-विधान के साथ कलश पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भजनों का माहौल गूंजायमान रहा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों, साधु-संतों और स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह पूजन संपन्न हुआ।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चमंपत राय ने मीडिया को बताया कि गर्भगृह पर 9.15 बजे कलश पूजन विधि प्रारंभ कर 10.30 बजे विधि विधान से कलश स्थापित किया गया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि 9.15 बजे कलश पूजन विधि प्रारंभ कर 10.30 बजे संपन्न हुई



### अगले चरण में शिखर पर ध्वज स्थापना की जाएगी

मंदिर निर्माण का दूसरा चरण अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ट्रस्ट ने बताया कि गर्भगृह का शिखर पूर्ण होने के बाद अगले चरण में शिखर पर ध्वज स्थापना की जाएगी। विशेषज्ञों और इंजीनियरों की टीम दिन-रात निर्माण कार्य में जुटी है ताकि मंदिर का कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो। माना जा रहा है कि अक्टूबर 2025 तक मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद यह भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।

### भारतीय मंदिर निर्माण कला का यह एक उत्कृष्ट नमूना

मंदिर की वास्तुकला नागर शैली में तैयार की जा रही है, जो भारतीय मंदिर निर्माण कला का उत्कृष्ट नमूना है। गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पहले ही हो चुकी है और अब शिखर निर्माण के साथ मंदिर और भव्य रूप ले रहा है। निर्माण में प्रयुक्त पत्थर राजस्थान और गुजरात से लाए गए हैं, जिन्हें कुशल कारीगरों ने तराशा है।

## गंगा पथ पुल में दरार, सरकार बोली-कुछ नहीं




पटना। यहां गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। 9 अप्रैल को लोकार्पण के 4दिन बाद ही दीदारगंज के पास पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। इस मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन कहा कि अधिकारियों को गंभीरता से जांच का आदेश दिया है। पुल के जिस हिस्से में क्रैक की सूचना दी जा रही है, वह वास्तव में कोई क्रैक नहीं है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : [illegible], e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## पुतिन के हमले से परेशान जेलेंस्की ने ट्रंप को यूक्रेन आने का दिया न्योता

थम नहीं रहा रूस और यूक्रेन युद्ध

# कहा- आइए और देखिए क्या हाल हो गया हमारा, अस्पतालों का करें दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों देशों में शांति स्थापित कराने के लिए अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां एक और शांति वार्ता की कोशिश की जा रही है। तो दूसरी तरफ दोनों देश एक दूसरे पर हमले करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हाल में ही रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला।

इस घटना में 34 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेंलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन आने और युद्धग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। जानकारी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति एक बार यूक्रेन का दौरा करें। निमंत्रण देने के पीछे की वजह है कि जेलेंस्की ट्रंप को दिखाना चाहते हैं इस युद्ध से यूक्रेन का क्या हाल हो गया है।

*रविवार को रूस के यूक्रेन हमले में 34 लोगों की हुई मौत*

*युद्ध रोकने के लिए कई देश प्रयासरत पर नहीं मिली सफलता*



### रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल से हमला

*बता दें, रूस ने रविवार को यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इस हमले में 34 लोगों की जान गई है। इसके अलावा इस हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है। इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चिंता जाहिर की और रूसी हमले की निंदा की है। 24 फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस युद्ध को समाप्त कराने को लेकर अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई बात नहीं बन सकी है।*

### चर्चों का दौरा करें ट्रंप

*राष्ट्रपति जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया वह किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन का दौरा करें और वहां की वास्तविक स्थिति को देखें। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले और किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन आना चाहिए और यहां के अस्पतालों, चर्चों, आम नागरिकों और योद्धाओं से मिलना चाहिए।*

## 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' के प्रसारण पर भड़के ट्रंप, बोले मेरे पीछे पड़ने के लिए 'बड़ी कीमत' चुकानी होगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिकी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली समाचार पत्रिका 'सीबीएस' द्वारा अपने कार्यक्रम '60 मिनट्स' में यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर कार्यक्रम प्रसारित करने के तुरंत बाद 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' पर तीखा हमला करते हुए कहा कि टेलीविजन नेटवर्क नियंत्रण से बाहर हो गया है और उनके पीछे पड़ने के लिए उसे 'बड़ी कीमत चुकानी होगी'। राष्ट्रपति ने अपने 'ट्रुथ सोशल' पर



कहा कि लगभग हर हफ्ते '60 मिनट्स' में... अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके से ट्रंप का नाम लिया जाता है, लेकिन इस सप्ताहांत का प्रसारण उन सभी कार्यक्रमों से ऊपर है। उन्होंने संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के अध्यक्ष ब्रेंडन कार से "उनके गैरकानूनी और अवैध व्यवहार के लिए" अधिकतम जुर्माना और दंड देने का आह्वान किया। नेटवर्क ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

### पुतिन से 100 प्रतिशत नफरत करता हूं: जेलेंस्की

*'60 मिनट्स' के संवाददाता ने यूक्रेन की यात्रा की और देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक साक्षात्कार किया, जहां इस महीने की शुरुआत में रूसी हमले में नौ बच्चे मारे गए थे। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से "100 प्रतिशत" नफरत करते हैं और उन्होंने ट्रंप को अपने देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि वह देख सकें कि क्या किया गया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में ट्रंप ने कहा कि '60 मिनट्स' अब एक समाचार शो नहीं रह गया है और उन्होंने जो किया है और वे जो कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें जिम्मेदार होना चाहिए।*

# भारत को मिली राहत, अमेरिका को 40 हजार टन झींगा भेजने को तैयार सी फूड निर्यातक

ट्रंप के जवाबी शुल्क पर रोक के फैसले से निर्यातकों में खुशी की लहर

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा (श्रिम्प) भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26% जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। अमेरिका भारतीय झींगा निर्यात पर फिलहाल 17.7% का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7% प्रतिकारी शुल्क और 1.8% डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन. राघवन ने कहा कि अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं।

### करीब 2,000 कंटेनर निर्यात के लिए तैयार

*राघवन ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले के बाद सी फूड निर्यातकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब दो 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10% का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145% शुल्क है। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्यातक आमतौर पर आपूर्ति शुल्क-भुगतान व्यवस्था के तहत शुल्क लागत वहन करते हैं, जिसका मतलब है कि पहले से अनुबंधित निर्यात को उच्च शुल्क के तहत महत्वपूर्ण अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ता।*

### भारत अमेरिका का प्रमुख निर्यातक

राघवन ने बताया कि करीब दो हजार कंटेनरों में झींगे की खेपें जो पहले टैरिफ की वजह से अटकी हुई थीं, उन्हें अब 9 अप्रैल को राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय के बाद फिर से तैयार किया जा रहा है। यह फैसला 2 अप्रैल को अधिक टैरिफ की घोषणा के ठीक एक सप्ताह बाद आया है। भारत अमेरिका को झींगा एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देशों में से एक है और टैरिफ में इस राहत से सी-फूड एक्सपोर्ट्स को बड़ी राहत मिली है।

### अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं

*उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा कि अतिरिक्त शुल्क पर 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है।*

### झींगा बाजार में भारत का दबदबा

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया। राघवन ने सरकार से आग्रह किया कि शुल्क रोक समाप्त होने से पहले आगामी व्यापार वार्ता के दौरान देश के समुद्री खाद्य निर्यात के लिए 'समान अवसर' सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

# अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब 1 मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा। ईबी-5 श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना जरूरी हो गया है।

### अलग-अलग देशों से सवा दो लाख लोग वरीयता में



वीजा बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है।

### शेष विश्व के लिए तिथि निधारित करना जरूरी

बुलेटिन में कहा गया है कि यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बता दें, ईबी-5 एक अमेरिकी अप्रवासी निवेशक वीजा है, जो विदेशी नागरिकों और उनके परिवारों को किसी योग्य अमेरिकी व्यवसाय या क्षेत्रीय केंद्र परियोजना में न्यूनतम राशि का निवेश करके संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थायी निवास प्राप्त करने की अनुमति देता है। इस निवेश से कम से कम 10 रेगुलर नौकरियां पैदा होनी चाहिए।

## नीति निर्माताओं और लोगों के बीच गंभीर अंतर के कारण नैतिक जवाबदेही का अभाव : सत्यार्थी

**दुबई (भाषा)।** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने दुबई में आयोजित 'वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन' के समापन अवसर पर कहा कि निर्णयकर्ताओं और वे जिन लोगों के लिए निर्णय ले रहे हैं, उनके बीच गंभीर अंतर है, और यह अंतर बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने 12 और 13 अप्रैल को दुबई में आयोजित सम्मेलन के समापन दिवस पर यह बात कही। सत्यार्थी ने रविवार को सम्मेलन के इतर 'पीटीआई-भाषा' से विशेष बातचीत में यह विचार साझा किए। रविवार देर शाम आयोजित एक सत्र में सत्यार्थी ने 11 अन्य नोबेल पुरस्कार विजेताओं के साथ मिलकर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अपने प्रयासों के दौरान नौकरशाही और समाज की उदासीनता से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, "यह स्थिति गंभीर नैतिक जवाबदेही और जिम्मेदारी की कमी की ओर ले जा रही है। हम कानूनी जवाबदेही, नियमों और कानूनों की बात करते हैं, लेकिन नैतिक जिम्मेदारी उससे कहीं गहरी होती है और लोगों को जवाबदेह ठहराने में उसकी भूमिका अहम है।

## किसानों की सभी जरूरतों का समाधान है किसान डिजिटल आईडी: चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा, मध्य प्रदेश में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी मतलब जमीन कौन सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन सी फसल बोई है उसकी मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशुधन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी और इसका लाभ क्या है?